आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 184- ● जबलपुर ● बुधवार, 4 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -12 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

किशोर दा का जन्मदिन



हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in



## ओलंपिक पदक: बेटियों ने बढ़ाया देश का गौरव

### मीराबाई चानू, पीवी सिंधु के बाद अब मुक्केबाज लवलीना ने जीता पदक, आज हाकी पर टिकीं निगाहें

**टोक्यो।** भारतीय बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन को सेमीफाइनल में तुर्की की मुक्केबाज बुसेनाज सुरमेनेली के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद वह कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में अब तक तीन पदक जीते हैं जिनका श्रेय बेटियों को जाता है। सबसे पहले वेटलिफ्टिंग में मीराबाई चानू ने रजत पदक जीता। उसके बाद बैडमिंटन में पीवी सिंधु ने कांस्य पदक जीता और आज लवलीना बोरगोहेन ने बॉक्सिंग में भारत को कांस्य पदक जिताने में सफल रहीं। टोक्यो ओलंपिक्स के 69 किग्रा वर्ग महिला मुक्केबाजी के सेमीफाइनल में भारत की 23 वर्षीय लवलीना बोरगोहेन हार गई हैं। उनका मुकाबला तुर्की की मौजूदा विश्व चैंपियन बुसेनाज सुरमेनेली से हुआ। सुरमेनेली शुरू से हावी रहीं और उन्होंने 5-0 से जीत दर्ज कीं। वहीं लवलीना का एक अंक कम भी कर दिया गया था क्योंकि रेफरी द्वारा रोके जाने के बाद भी लवलीना ने पंच मारा था। लवलीना आज जीत जातीं तो सिल्वर पक्का हो जाता। अब उन्हें कांस्य मेडल से संतोष करना पड़ेगा। टोक्यो ओलंपिक्स में यह भारत का तीसरा पदक है। मैच के बाद लवलीना ने कहा, सदमे में हूं। मैं एक ही रणनीति के साथ रिंग में उतरी थी कि जितनी मार खाऊं, उतना मारूं। ओलंपिक्स में इस स्तर पर पहुंचने वालीं वे देश की पहली मुक्केबाज हैं। यदि वे फाइनल में पहुंचती तो भी ऐसा करने वाली देश की पहली भारतीय होती। कांस्य पदक पक्का कर वह पहले ही विजेंदर सिंह (2008) और एम सी मैरीकॉम (2012) की बराबरी कर चुकी हैं। ये भारत के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि



पहली बार सेमीफाइनल में भारतीय महिला हॉकी टीम ने बड़ी हिम्मत और जोश के साथ कदम रखा है। इतिहास में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि भारतीय महिला हॉकी टीम 4 अगस्त बुधवार यानी आज अर्जेंटीना के खिलाफ सेमीफाइनल में उतरेगी। यह मैच आज दोपहर 3:30 मिनट पर खेला जाएगा। टोक्यो ओलंपिक में पुरूष हॉकी टीम के सेमीफाइनल में हारने के बाद अब सबकी निगाहें महिला हॉकी टीम पर टिकी हुई हैं। देश के सभी नागरिक भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

### मैच के बाद लवलीना ने कहा - मैं सदमें में हूं

---

### फटाफट खबरें



#### कर्नाटक मंत्रिमंडल विस्तार- 29 विधायक आज लेंगे मंत्री पद की शपथ

**बेंगलूरू ।** कर्नाटक सरकार में कैबिनेट विस्तार को लेकर कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई इन दिनों दिल्ली में हैं। सीएम बसवराज बोम्मई ने जानकारी दी कि मंत्रिमंडल का विस्तार आज यानी बुधवार दोपहर 2.15 बजे होगा और इसके लिए 29 विधायक आज मंत्री पद की शपथ लेंगे। उन्होंने कहा कि कैबिनेट में कोई उपमुख्यमंत्री नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में 7 ओबीसी, 3 एससी, 1 एसटी, 7 वोक्कालिगा, 8 लिंगायत, 1 रेड्डी और 1 महिला को जगह दी गई है।

#### आज से शुरू आरबीआई की बैठक, सस्ते लोन का तोहफा?

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति की बैठक आज से शुरू हो गई है और छह अगस्त को इसके नतीजों की घोषणा की जाएगी। हर दो महीने में केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक होती है। इस बैठक में अर्थव्यवस्था में सुधार पर चर्चा की जाती है और साथ ही ब्याज दरों का फैसला लिया जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि कोविड-19 की तीसरी लहर और महंगाई बढ़ने की आशंकाओं के बीच केंद्रीय की शुक्रवार को घोषित की जाने वाली द्वैमासिक समीक्षा में नीतिगत ब्याज दर को वर्तमान स्तर पर ही बनाए रख सकता है।

#### मेरठ की बहू रुहमा खान को मिली अमेरिका में 60 लाख की फेलोशिप

**मेरठ।** किठौर क्षेत्र के गांव कायस्थ बड्ढा निवासी डॉ. जहांगीर की पत्नी रुहमा खान को अमेरिका के प्रतिष्ठित नेब्रास्का विश्वविद्यालय से मास्टर कोर्स के लिए आमंत्रण मिला है। रुहमा 6 अगस्त को अमेरिका के लिए रवाना होंगी। वो कम्यूनिटी एंड रीजनल प्लानिंग में दो वर्षीय मास्टर डिग्री करेंगी। रुहमा के पति डॉ. जहांगीर ने बताया कोर्स की फीस, मासिक छात्रवृत्ति और स्वास्थ्य बीमा का करीब 60 लाख रुपये का खर्च विश्वविद्यालय द्वारा उठाया जाएगा। रुहमा को नेब्रास्का राज्य के विकास कार्यों में हिस्सा लेने का सौभाग्य प्राप्त होगा।




शुभांक - 3-3-3

---

### आंध्र प्रदेश व तेलंगाना के बीच जल विवाद, चीफ जस्टिस बोले मध्यस्थता कर सकता हूं सुनवाई नहीं

## CJI ने सुनवाई से खुद को किया अलग

**नई दिल्ली।** पेगचीफ जस्टिस एन वी रमण ने बुधवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच कृष्णा जल विवाद की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। चीफ जस्टिस ने यह निर्णय तब लिया जब दोनों राज्यों ने कहा कि मध्यस्थता संभव नहीं है और वे कानूनी तरीके से इसका निपटारा चाहते हैं। चीफ जस्टिस एनवी रमण ने सोमवार को हुई पिछली सुनवाई में इस मामले में मध्यस्थता की वकालत करते हुए कहा था कि वह कानूनी मुद्दों पर मामले की सुनवाई नहीं कर सकते, लेकिन वह दोनों राज्यों के बीच मध्यस्थता कराने की व्यवस्था कर सकते हैं। चीफ जस्टिस रमण ने दोनों राज्यों के वकील को अपनी सरकारों से निर्देश लेने के लिए कहा था। दोनों राज्यों के वकीलों ने बुधवार को बताया कि मध्यस्थता संभव नहीं है इसलिए कानूनी तरीके से इसका समाधान निकाला जाना चाहिए। जिसके बारे चीफ जस्टिस ने खुद को इस मामले की सुनवाई से अलग कर लिया। अब सुप्रीम कोर्ट की दूसरी पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। चीफ जस्टिस मूलतः अविभाजित आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। पिछली सुनवाई में चीफ जस्टिस ने कहा था, मैं दोनों राज्यों से हूं। मुझे कानूनी मुद्दों को सुनने में कोई दिलचस्पी नहीं है,लेकिन अगर दोनों राज्य मध्यस्थता के लिए सहमत होते हैं तो वह मदद कर सकते हैं।



#### तेलंगाना पर पानी रोकने का आरोप

चीफ जस्टिस रमण की अध्यक्षता वाली पीठ आंध्र प्रदेश राज्य द्वारा तेलंगाना के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि तेलंगाना उन्हें पीने और सिंचाई के उद्देश्यों के लिए कृष्णा नदी के पानी के उनके वैध हिस्से से वंचित कर रहा है। याचिका में मुख्य रूप से मांग की गई है कि तेलंगाना सरकार को 2014 के अधिनियम के अनुसार अधिकार क्षेत्र को अधिसूचित करने का निर्देश दिया जाए। साथ ही 28 जून, 2021 कोतेलंगाना सरकार द्वारा पारित आदेश को निरस्त किया जाए। इसके अलावा आंध्र प्रदेश सरकार ने कई अन्य मांगें भी है।

---

## अब ड्रामा कर रही हरसिमरत... भिड़े कांग्रेस सांसद, तीखी नोकझोंक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि कानूनों के मुद्दे पर बुधवार को शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरत कौर बादल और कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू के बीच संसद परिसर में तीखी नोकझोंक हुई। पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल संसद परिसर में कृषि कानूनों का विरोध करते हुए तख्ती लेकर खड़ी थीं। उसी दौरान वहां से गुजर रहे बिट्टू उनके पास पहुंच गए। उन्होंने कहा कि आपका ये प्रदर्शन नकली है। आप जब मंत्री थीं तब ही बिल पास हुआ उस समय आपने कुछ नहीं कहा लेकिन जब किसानों का प्रदर्शन जोर हुआ तो आपने इस्तीफा दे दिया। आप सिर्फ ड्रामा कर रही हैं। संसद में विरोध के दौरान अकाली दल के नेता गायब थे।



## तिहाड़ जेल में गैंगस्टर की हत्या



**नई दिल्ली।** दिल्ली की तिहाड़ जेल में यूपी के कुख्यात गैंगस्टर अंकित गुर्जर की हत्या कर दी गई। बताया गया कि बुधवार सुबह तिहाड़ जेल की बैरक नंबर तीन मे हत्या हुई है। गैंगस्टर की हत्या से तिहाड़ जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। वहीं अंकित के परिजनों ने जेल अधिकारियों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया गया कि कुख्यात गैंगस्टर अंकित गुर्जर बागपत के खैला गांव का रहने वाला था। पूर्व प्रधान विनोद की हत्या के मामले में एक लाख के इनामी रहे अंकित को दिल्ली पुलिस ने हरियाणा में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था।

## कोरोना से जंग वैक्सीन के बाद अब आएगी एंटीवायरल पिल्स

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कोरोना वायरस महामारी लगभग काफी लंबे समय से हमारे बीच है, और बात अगर भारत की करें तो यहां अब भी रोजाना लगभग 40 हजार के आसपास कोरोना केस सामाने आ रहे हैं, जो हर किसी की चिंता को बढ़ा रहे हैं। वहीं, विशेषज्ञ पहले ही कोरोना की तीसरी लहर की चेतावनी जारी कर चुके हैं, और ये लहर भारत में किसी भी समय आ सकती है। ऐसे में हर कोई इन चीजों को लेकर काफी डरा हुआ है। लेकिन हमें एक बात ध्यान देनी है कि कोरोना की वैक्सीन लेना बेहद जरूरी है, क्योंकि एक तो इससे कोरोना से बचाव में काफी मदद मिलती है और दूसरा वैक्सीन लेने के बाद देखा गया है कि लोगों का मौत का खतरा और अस्पताल में भर्ती होने का खतरा कम हो गया है। खबर है कि अब वैक्सीन के बाद पिल्स यानी गोलियां आ सकती हैं।

#### भारत और पाकिस्तान फिर होंगे आमने-सामने

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट विश्व कप में खेले जाने वाले मैच को लेकर फैंस हमेशा उत्साहित रहते हैं। 2021 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा या नहीं इस बात को लेकर संदेह था। लेकिन अब साफ हो गया है कि दोनों प्रतिदव्ंदी आपस में आगामी टी-20 विश्व कप में खेलेंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 वर्ल्ड कप में यह मुकाबला 24 अक्टूबर को खेला जाएगा।बीते महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने 2021 में खेले जाने वाले पुरुष टी-20 विश्व कप के ग्रुप का ऐलान किया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इस विश्व का आयोजन ओमान और संयुक्त अरब अमीरात में करा रहा है। यह विश्व कप 17 अक्टूबर से लेकर 15 नवंबर कर खेला जाएगा।

---

## ग्वालियर-चंबल अंचल में बाढ़ पुल ढहा, सीएम पहुंच रहे ग्वालियर

**ग्वालियर।** ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर सभी जगह भारी बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। नदियों में बाढ़ आने के कारण भोपाल व इंदौर की तरफ जाने वाली ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं दतिया में सनकुआ पुल भी ढह गया है। उधर भिंड के रौन में शासकीय हाई स्कूल की इमारत धराशायी हो गई है। जबकि दतिया के सेवढ़ा में नए अस्पताल में पानी भर जाने के कारण ओपीडी बंद करना पड़ी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सीएम हाउस से एयरपोर्ट के लिए रवाना हो चुके हैं, वह ग्वालियर पहुंचेंगे। यहां से वह हेलीकॉप्टर से बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा करेंगे। गौरतलब है कि चंबल, क्वारी, महुअर, सिंध, पार्वती सहित तमाम नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रहीं हैं। शिवपुरी, दतिया में बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर को लगाया गया था, लेकिन खराब मौसम की वजह से हेलीकॉप्टर उड़ान ही नहीं भर सके हैं। ऐसे में यहां पर सेना को बचाव कार्य में लगाया गया है। अंचल में करीब 300 से ज्यादा गांव की बाढ़ की चपेट में हैं। सरकारी रिकार्ड के अनुसार अंचल के 104 गांव बाढ़ पीड़ित हैं, हालांकि हकीकत में करीब दो सौ गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। वहीं अब तक 3400 लोगों को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है।



## 24 घंटे में 'कोरोना विस्फोट'



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में बीते 24 घंटे में ही 40 फीसदी के बढ़ोतरी हुई है। दक्षिण भारतीय राज्य केरल में लगातार स्थिति बेकाबू होती जा रही है। केरल में कोरोना संक्रमण के आंकड़े देश में कुछ निकले आकंड़ों से आधे से ज्यादा है। बीते 24 घंटे की बात की जाए तो देश में कोरोना के 42 625 नए मामले दर्ज किए गए हैं जो बीते दिन की तुलना में 40 फीसदी ज्यादा है। देश में मंगलवार को कोरोना संक्रमण के कुल 30549 नए मामले आए थे। बीते 24 घंटे की बात की जाए तो आधे से ज्यादा केरल के हैं, जहां एक बार फिर से रिकॉर्ड 23 हजार 676 केस दर्ज किए गए हैं। इस दौरान देशभर में कोरोना से 562 लोगों की जान भी गई है।बीते 24 घंटे में कोरोना महामारी से 36 668 मरीज ठीक भी हुए हैं। फिलहाल देश में कोरोना के 410353 मरीजों का इलाज चल रहा है, जो कि देश में आए संक्रमण के कुल मामलों का 1.29 फीसदी है।

---

## मासूम की मौत पर सियायत, राहुल गांधी बोले न्याय के लिए लड़ूंगा



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैंट के नांगल गांव में सामूहिक दुष्कर्म के बाद नौ साल की बच्ची की हत्या कर शव का अंतिम संस्कार करने का मामला तूल पकड़ लिया है। मंगलवार को जहां पीड़ित बच्ची के परिजनों से मिलने के लिए कई पार्टी के नेता वहां पहुंचे, वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बुधवार सुबह ही पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिवार के लोगों को अपनी ही गाड़ी में बिठाकर बात की। यह मुलाकात दस मिनट से भी ज्यादा समय की रही। परिवार से मिलने के बाद राहुल गांधी ने कहा, मैंने परिवार से बात की और उन्हें सिर्फ न्याय चाहिए और कुछ नहीं। दराहुल गांधी तब तक उनके साथ खड़ा है जब तक कि उन्हें न्याय नहीं मिल जाता। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस पर इस मामले में राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उसे राजस्थान में दुष्कर्मों के मामलों के आंकड़ों से परिचित कराया।

## मिनटों में हो रहे विधेयक पास

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र की शुरूआत के बाद यह तीसरा हफ्ता है जब संसद नहीं चल रहा है। पेगासस मुद्दे को लेकर विपक्ष अपने कड़े तेवर बनाए हुए है जबकि सरकार अपने रुख पर अड़ी हुई है। लगातार विपक्ष के हंगामे के कारण सदन के संचालन में बाधा पहुंच रही है, लेकिन इस बीच विपक्ष के विरोध की परवाह किए बिना सरकार मिनटों में फटाफट कई अहम विधेयक पारित करा रही है। संसद का सत्र सुचारु रुप से नहीं चलने से विधायी कार्यों का सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है। दूसरे दलों की राय को अहमियत दिए बिना और चर्चा कराए बिना सरकार बिना बहस के कई अहम विधेयक मिनटों में पास करा रही है। ऐसा लग रहा है मानो विधेयक पास कराने की महज औपचारिकता पूरी की जा रही है। जबकि संसद को एक मिनट चलाने में करीब ढ़ाई लाख रुपये खर्च होते हैं और इस हिसाब से जनता के करोड़ों रूपये मानसून की बारिश की तरह बह रहे हैं।



नहीं चल रहा सदन

**वो विधेयक जो अब तक एक या दोनों सदनों से पारित**

फैक्टरिंग रेगुलेशन (अमेंडमेंट) विधेयक 2021- 26 जुलाई को लोकसभा से 13 मिनट में पारित, इसमें बिल पेश करने वाला समय भी शामिल राज्यसभा में यह बिल 14 मिनट में पारित, केवल पांच सांसदों ने बहस में हिस्सा लिया

द नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी इंटर्नप्नोयरशिप एंड मैनेजमेंट बिल 26 जुलाई को लोकसभा से छह मिनट में पारित

द मरीन एड्स टू नैविगेशन बिल 2021 27 जुलाई को राज्यसभा से 40 मिनट में पारित

जुवेनाइल जस्टिस (केयर एंड प्रोटक्शन ऑफ चिल्ड्रन) अमेंडमेंट बिल, 2021 28 जुलाई को राज्यसभा से 18 मिनट में पारित ।

---

### पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे दिल्ली के मुख्यमंत्री

## भाषण देते वक्त मंच से गिरे केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को नौ साल की उस मृतका के परिजनों से मिलने गए जिसके साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई। इस दौरान वह पीड़िता के परिवार वालों से मिले और 10 लाख का मुआवजा देने का भी एलान किया। लेकिन केजरीवाल वहां जब लोगों को संबोधित करने के लिए मंच पर चढ़े तो उस पर इतनी भीड़ बढ़ गई कि मंच ही टूट गया। मंच के टूटते ही उस पर मौजूद सीएम केजरीवाल समेत तमाम लोग गिर गए। इसके बाद तुरंत मुख्यमंत्री को वहां भीड़ से निकाला गया। फिर वह मासूम बच्ची के परिजनों से भी मिले। उन्होंने परिवार को न्याय का आश्वासन दिलाया। उन्होंने कहा, जो बच्ची के साथ अन्याय हुआ है वह बेहद दुखद है। बच्ची को वापस नहीं लाया जा सकता लेकिन दिल्ली सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। दिल्ली सरकार पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देगी। साथ ही इस मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए जाएंगे। इस केस में दिल्ली सरकार बड़े से बड़ा वकील भी लगाएगी ताकि आरोपियों को सख्त से सख्त सजा हो। दिल्ली के अंदर कानून व्यवस्था को ठीक करने की बेहद आवश्यकता है। कानून व्यवस्था को सुधारने की बहुत जरूरत है। केंद्र सरकार से अपील है कि इस मामले में सख्त कदम उठाए, दिल्ली सरकार उनका पूरा सहयोग करेगी। दिल्ली देश की राजधानी है, यहां यदि इस तरह की घटनाएं घटती हैं तो यह मैसेज दुनिया के अंदर अच्छा नहीं जाता है इससे लोग असुरक्षित महसूस करते हैं।



## हाईवे पर खड़े ट्राले से टकराई कार, 4 लोगों की मौत



**उज्जैन।** नगर से तीन कमी दूर उज्जैन-जावरा स्टेट हाईवे पर मंगलवार मध्यरात्रि एक कार खड़े ट्राले में जा घुसी। हादसे में कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि इसकी आवाज दूर तक सुनाई दी। आवाज सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ट्राले पर पथराव कर कांच फोड़ दिए। पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। सभी नीमच के ग्राम आलोटी गरवाडा के रहने वाले थे तथा देवास के सतवास से अपने गांव जा रहे थे। नीमच के ग्राम आलोटी गरवाडा निवासी कैलाश पुत्र लक्ष्मीनारायण चारण उम्र 42 वर्ष, राहुल पुत्र किशनलाल चारण उम्र 19 वर्ष, कूकाराम पुत्र भग्गाजी भांबी उम्र 32 वर्ष, लालाराम पुत्र शंकरलाल उम्र 48 वर्ष मंगलवार रात को देवास के ग्राम सतवास से कार क्रमांक एमपी 44 सीए 3481 से अपने गांव जा रहे थे।



# रोटरी अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर मेहता के नेतृत्व में प्रधानमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

## वैक्सीनेशन ड्राइव में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन

**जबलपुर।** रोटरी अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर मेहता के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर देश के विकास में रोटरी के सहयोग को प्रस्तुत किया। रोटरी द्वारा पीड़ित मानवता के सेवार्थ किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए शेखर मेहता ने वैक्सीनेशन ड्राइव में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। राज्यसभा सांसद एवं पूर्व प्रांतपाल विवेक कृष्ण तंखा ने राहत मेडिकल कैंप के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में बड़े स्तर पर मेगा कैंप लगाने की योजना भी बताई। रोटरी द्वारा सरकार को चेक डेम्स बनाने में सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। शिक्षा के क्षेत्र में आगामी 5 वर्षों में रोटरी द्वारा 7~50 हजार करोड़ रुपए की प्रस्तावित योजनाओं के बारे में भी बताया। 45 मिनट चली सौजन्य भेंट में प्रधानमंत्री ने रोटरी का धन्यवाद देते हुए रोटरी के योगदान को अविस्मरणीय बताया तथा रोटरी को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। शिष्टाचार भेंट के दौरान राज्यसभा सांसद पूर्व रोटरी प्रांतपाल विवेक कृष्ण तंखा, पूर्व प्रांतपाल आशीष देसाई एवं श्रीमती राशि मेहता उपस्थित थे। प्रांतपाल सुनील फाटक, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री जनरल अखिल मिश्र, पूर्व अध्यक्ष अरुण कांत अग्रवाल, क्लब अध्यक्ष अनुराग जैन गढ़ावाल, सचिव मुकेश सोनी, कोषाध्यक्ष मकरंद कुलकर्णी आदि समस्त रोटेरियंस ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# व्हीएफजे इस्टेट में बना अवैध निर्माण

## शिकायत के बाद भी अधिकारी हैं चुप बैठे

**जबलपुर यशभारत।नियमानुसार सरकारी आवासों मे अतिरिक्त निर्माण अवैध माना जाता है।यदि निर्माण किया जाना है तो उसकी विधिवत आवश्यकता बताते हुए अनुमति ली जाती है।लेकिन व्हीकल फैक्ट्री में सब नियम कायदे ताक पर रख दिये जाते हैं।**



उक्त आरोप लगाते हुए वर्कर्स यूनियन के महासचिव नितेश सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि यूनियन की शिकायत के बाद भी अधिकारियों द्वारा कार्यवाही न करना उनके पक्षपात को दर्शाता है।वर्कर्स यूनियन के महासचिव नितेश सिंह ने बताया किव्हीकल फैक्ट्री इस्टेट के सेक्टर-2के टाइप 3 आवास क्रमांक 3405 को 1 माह पहले संजय गुप्ता नामक कर्मचारी को उसके आवेदन पर आवास आवंटित किया गया ।लेकिनउन्होंने कुछ दिन बादअधिकारियों की मेहरबानी से बिना अनुमतिमनमानी तरीके से 20म20 का कमरा बनाया जो उनकी मनमानी का प्रतीक और नियम के विरुद्ध है। जिसकी शिकायत भी कुछ कर्मचारी और वर्कर्स यूनियन द्वारा की गई। परन्तु अभी तक 15 दिन बीत जाने के बाद भी कोई भी कार्यवाही नही की गई । वर्कर्स यूनियन के महामंत्री नितेश सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि ये अधिकारियों के दतकपुत्र है। इसीलिए कोई कार्यवाही नही हो रही ।इसकी जगह यदि वाहन निर्माणी का कोई अन्य कर्मचारी ऐसा किया होता तो अभी तक उसे चार्जशीट देकर आवास से अलग कर दिया जाता ।महामंत्री सिंह ने प्रशासन अधिकारियों से कहा यदि टाइप 3 के आवास क्रमांक 3405 से अवैध निर्माण 7 दिन मैं नही टूटा गया तो यूनियन मांग करती है कि सभी आवासों के बाहर कमरा बनाने की परमिशन जरूरत मंद कर्मचारियों को दी जाए और जिसका खर्चा भी प्रबधन दे

**-इनका कहना है-**

प्रशासन ने शिकायत के बाद अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिये हैं।अवैध निर्माण कर्ता ने बरसात के बाद निर्माण हटाने की बात कही है।अब अधिकारी जो निर्देश देंगे उस आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

**जगदीश ठाकुर**
**कनिष्ठ कार्य प्रबंधक/ आवास अनुभाग**
**व्ही एफ जे**

## साहब अस्पताल की भर्राशाही सुधार दें

# ओ एफ के मे सेवानिवृत्ति पर जी एम से अपील

**जबलपुर यशभारत।** विगत दिवस आयुध निर्माणी खमरिया मे सेवानिवृत्ति समारोह में उस वक्त सन्नाटा छा गया जब सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारी ने खमरिया फैक्टरी अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार और भर्राशाही को उजागर करते हुए महाप्रबंधक से अपील की कि वे इसे संज्ञान में लेकर इसे दूर करें।कर्मचारी के उदबोधन पर विदाई समारोह में एक बारगी सन्नाटा छा गया।कर्मचारियों के उदबोधन के महाप्रबंधक ने सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने दिलोजान से निर्माणी की सेवा की।उन्होंने शिकायत करने वाले कर्मचारी को आश्वस्त किया कि उनने जो जानकारी उनके संज्ञान में लाई है उसे दूर करने के लिए हर संभव उपाय करेंगे। उल्लेखनीय है कि करीब6माह पूर्व एक सेवानिवृत्त कर्मचारी ने भी सेवानिवृत्ति समारोह में ऐसी ही बात कही थी।बताया जाता है कि अस्पताल में सी एम ओ के साथ तीन पी एम ओ हैं।आपस में समन्वय स्थापित नहीं होने से उपचार से लेकर दवाओं तक मे खरीदी और हेराफेरी की शिकायत आम हैं।यूनियनों ने भी इन्हें अनेक बार विभिन्न मौके पर उठाया।लेकिन व्यवस्था मे कोई सुधार नहीं हो सका है।




# कल से नौवीं ,दसवीं के स्कूल 12वीं की कोचिंग क्लासेस भी

## कोविड गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य

जबलपुर। गुरुवार से नौवीं और दसवीं के सरकारी स्कूल भी 50 फीसदी उपस्थिति के साथ खुल जाएंगे। 12वीं कक्षा की कोचिंग क्लासेस भी शुरू हो सकेंगी। इस बारे में शासन द्वारा पिछले महीने ही आदेश जारी कर दिए गए थे। इसी के तहत 26 जुलाई से 11वीं और 12वीं की कक्षाएं लगाई जा रही हैं। नौवीं और दसवीं की कक्षाएं सप्ताह में 1 दिन लगेंगी। शासन द्वारा जारी किए गए आदेश के तहत 10वीं के लिए बुधवार और 9वीं के लिए शनिवार का दिन तय किया गया है। पहले से 12वीं की कक्षाएं सोमवार और गुरुवार को एवं 11वीं की कक्षा मंगलवार और शुक्रवार को लगाई जा रही हैं। डीईओ नितिन सक्सेना का कहना है कि सरकारी स्कूलों में नौवीं और दसवीं की क्लासेस के लिए स्कूलों में सभी तैयारियां पूरी हैं। सीबीएसई से जुड़े ज्यादातर स्कूल संचालक पहले ही अपने स्कूल खोलने से इनकार कर चुके हैं। इस दौरान ऑनलाइन क्लासेस जारी रहेंगी। स्कूलों में तैराकी, प्रार्थना सभा समेत खेलकूद की गतिविधियां संचालित नहीं की जा सकेंगी। कोरोना गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य है।

## पत्थर के ऊपर बिना नींव के बना है शिव मंदिर

# जबलपुर के इस शिव धाम का भूकंप भी कुछ नहीं बिगाड़ पाया



जबलपुर, यशभारत। आपने मंदिर को बहुत देखे और सुने होंगे। लेकिन हम यहां पर आपको ऐसे अनोखे मंदिर के बारे में बात रहे हैं, जिसका निर्माण पत्थर पर किया गया है। गौर करने वाली बात यह है कि भूकंप आने के बाद भी इस मंदिर को कोई छति नहीं हुई। यह मंदिर लाखों लोगों की आस्था का केन्द्र बना हुआ है। जबलपुर से 45 किलोमीटर दूर कटाव गांव में प्राचीन शिव मंदिर है। इस मंदिर के बारे में बताया जाता है कि इसका निर्माण कटाव वाले दादा ने करवाया था। कटाव वाले दादा पूरे क्षेत्र के प्रसिद्ध संत थे। उनके चमत्कार आज भी लोगों की जुबान पर हैं। पत्थर के ऊपर बिना नींव के शिव मंदिर बनाया गया है। जो अपने आप में एक अजूबा है। नर्मदा घाटी क्षेत्र में आए तीव्र भूकंप भी इसे नहीं हिला पाए।

### दूर-दूर से पहुंचते हैं कटाव

प्रकृति की गोद में बसा कटाव क्षेत्र लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। चट्टानों को चीरकर निकली नदी को देखने पूरे मध्यप्रदेश से लोग पहुंचते हैं। अत्यंत रमणीय स्थान का धार्मिक महत्व भी है। कहा जाता है कि यहां कटाव वाले दादा ने तपस्या की थी। जिसके चलते उनके नाम से ही इसे धार्मिक क्षेत्र कहा जाता है।

**यशभारत सावन विशेष**

### हैरत में रहते हैं लोग

कटाव पहुंचने वाले लोगों के लिए मंदिर आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। नदी के दूसरे छोर पर चट्टान के ऊपर बना यह मंदिर पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है। बिना नींव के बने इस मंदिर को लेकर लोगों की मान्यता यह है कि निर्माण कराने वाले संत चमत्कारी थे। उन पर शिव कृपा थी। इसलिए उनके आशीष से ही यह मंदिर टिका हुआ है। करीब 80 दशक

## अगस्त माह में इन तारीखों में जन्मे लोग रहें सावधान, धन- का खर्च सोच- समझकर ही करें

जबलपुर। अगस्त का महीना शुरू हो गया है। अंकशास्त्र के अनुसार अगस्त के महीने में कुछ लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है। जिस तरह ज्योतिषशास्त्र में राशि के आधार पर व्यक्ति के भविष्य और स्वभाव के बारे में जानकारी प्राप्त हो जाती है, ठीक उसी प्रकार अंकशास्त्र में व्यक्ति जन्म की तारीख के आधार पर व्यक्ति के भविष्य और स्वभाव के बारे में जानकारी प्राप्त हो जाती है। अंकशास्त्र के अनुसार अपने नंबर निकालने के लिए आप अपनी जन्म तिथि, महीने और वर्ष को इकाई अंक तक जोड़ें और तब जो संख्या आएगी, वही आपका भाग्यांक होगा। उदारण के तौर पर महीने के 5, 14 और 23 तारीख को जन्मे लोगों का मूलांक 5 होगा।आइए अंकशास्त्र के अनुसार जानते हैं अगस्त के महीने में किन लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है। मूलांक 4- इस माह कार्यक्षेत्र और व्यापार में वातावरण मिला जुला असर देने वाला रहेगा। माह के आरंभ में नई योजनाओं पर कार्य आरंभ न करें। बनते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। माह के आरंभ में भाग्य का साथ कम ही मिलेगा। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। विवादों की स्थिति से दूर रहें। वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखें। माह के मध्य में कार्यक्षेत्र में नई परेशानियां सामने आ सकती हैं। महत्वपूर्ण मामलों में किसी अनुभवी से सलाह के बाद ही निर्णय लें। माह के अंत में स्थितियां आपके अनुकूल बनेंगी। इस माह परिवार का सहयोग मिलेगा। माह के अंत में व्यय की अधिकता रहेगी। परिवार में किसी का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। मूलांक 7- इस माह कार्यक्षेत्र और व्यापार में वातावरण मिला जुला असर देने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में उन्नति के अवसर सामने आएंगे, लेकिन बनते हुए कार्यों में बाधाएं भी आ सकती हैं। माह के आरंभ में व्यापार में लाभ के अवसर सामने आएंगे, लेकिन व्यापारिक प्रतिस्पर्धा की स्थिति से दूर रहें। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। इस माह विवादों की स्थिति से दूर रहें। व्यर्थ के कार्यों में समय न गवाएं। माह के मध्य में स्थितियां अनुकूल बनेंगी। इस माह परिवार का सहयोग मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। माह के अंत में पेट के रोग आपको परेशान कर सकते हैं। खानपान पर नियंत्रण रखें।

## प्यारेलाल दिवाकर प्रदेश अध्यक्ष बने

# दिल्ली में एस सी एस टी डिफेंस एम्प.के चुनाव

**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस आल इंडिया एस सी एस टी डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।जिसमें व्हीकल फैक्टरी में कार्यरत प्यारेलाल दिवाकर को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।कल जबलपुर आगमन के बाद व्ही एफ जे पहुंचे श्री दिवाकर का सभी यूनियन के साथ श्रमिक सेवा संघ के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।इस मौके परहरीश चंद्र चौधरी राजकुमार गौंटिया सजन शाह जितेंद्र दुबे अखिलेश्वर नेमाराजेन्द्र सिंह कुशराम करन सिंह टेकाम प्रभुनाथ चौधरी जागेश्वर चौधरी राकेश मिश्रा राकेश आरमा अवधेश राम मोहन इंग्ले किशन लाल खटीक राजकुमार बघेल सहदेव रजवार रामचंद्र मांझी कैलाश मुखिया आदि उपस्थित थे।



## कांग्रेस का ब्लाकों में विरोध प्रदर्शन कल

जबलपुर। शहर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को प्रदेश कांग्रेस के परिपत्र की जानकारी देकर आंदोलन करने के निर्देश जारी किए । मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में बिजली लूट सरकार का साधन बन गई इस संबंध में पूर्व मंत्री विधायक प्रियव्रत सिंह एवं प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी विभाग के अध्यक्ष जीतू पटवारी के संयुक्त वार्ता का विवरण संलग्न प्रेषित किया। प्रदेश कांग्रेस ने यह निर्णय लिया है कि 5 अगस्त 2021 को समूचे प्रदेश में बिजली की लूट एवं बिजली विभाग की गड़बड़ियों को दर्शाते हुए सभी जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के द्वारा दोपहर 12:00 बजे से बिजली विभाग के कार्यालयों के समक्ष धरना एवं प्रदर्शन किया जाए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर प्रदेश के समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र की बिजली विभागों में समझ यह आंदोलन किया जाएगा ।

# अब पटवारी 3 दिन के सामूहिक अवकाश पर

## काम बंद कर रैली में शामिल हुए पटवारी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में में पटवारी 3 दिन के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। इस कारण भू-अभिलेख से जुड़े सारे काम ठप हो गए हैं। मंगलवार को उन्होंने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर रैली निकाली और ज्ञापन सौंपे। साथ ही सरकार को चेतावनी दी है कि 6 दिनों में मांगों पर फैसला ले लें, वरना 10 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।प्रदेश में 19 हजार से ज्यादा पटवारी हैं, जो 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 25 जून से ही चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं। काली पट्टी बांधकर काम करने के साथ ही वे भू-अभिलेख को छोड़ शेष सभी कार्यों का बहिष्कार कर चुके हैं। वहीं 2 अगस्त से सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। मंगलवार को सामूहिक अवकाश पर रहते हुए उन्होंने रैली भी निकाली। मप्र पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष उपेंद्र सिंह भोपाल की रैली में शामिल हुए।

### ये हैं पटवारियों की मांगें




पटवारियों का ग्रेड पे 2800 करते हुए समय मान वेतनमान विसंगति को दूर किया जाए।

गृह जिले में पदस्थापना हो। वर्तमान में कई पटवारियों को गृह जिले से सैक?ों किलोमीटर दूर पदस्थ कर दिया गया है।

नवीन पटवारियों की [illegible] की अनिवार्यता संबंधी नियम समाप्त किया जाए।

### आगे यह प्रदर्शन

4 अगस्त को भी वे सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

5 अगस्त को वेब पोर्टल वेब GIS सहित सभी ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करेंगे।



# कोविड शील्ड वैक्सीन 300 डोज लगाई गई

**जबलपुर।** आज ज्ञान गंगा कालेज जबलपुर में कोविड शील्ड वैक्सीन 300 डोज लगाई गई टीकाकरण अधिकारी एस एस दाहिया के निर्देशानुसार आपरेटर श्रुति श्रीवास्तव सिस्टर सरोज सनोडिया रीता सैनी मैनेजमेंट डी सी जैन रजनीत जैन अपूर्वा सिघई पंकज गोयल विशेष जैन सजय शुक्ला रजिस्टार सुदीप्तो मुखर्जी ओ पी विश्वकर्मा निर्मलदास मनोज पटेल नीरज विश्वकर्मा सुशील कुमार देवेन्द्र दाहिया बृजेश मनोज गढेवाल संदीप धर्मेंद्र राकेश कोष्टा गणेश शुक्ला प्रमोद तिवारी इंद्र कुमार अनिल का विशेष सहयोग रहा।

## नई व्यवस्था में एक बड़ी विसंगति

# जबलपुर में अब घर बैठे ही लर्निंग लाइसेंस

**जबलपुर।** जबलपुर समेत पूरे मप्र में एक अगस्त से आनलाइन लर्निंग लाइसेंस आरटीओ में नई व्यवस्था शुरू की गई हैं। जिसमें आवेदक को लर्निंग लाइसेंस के लिए आरटीओ आने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे ही लर्निंग लाइसेंस बनवा सकते हैं। पर इस व्यवस्था में एक विसंगजि सामने आई है। जिसमें जिन आवेदकों के पास आधार कार्ड नहीं है या उसमें फोन नंबर अटैच नहीं है। उन्हें दस्तावेज अपलोड करने के बाद वेरिफिकेशन के लिए आरटीओ जाना ही पड़ेगा। वहीं अधिकारी भी, इसलिए परेशान हैं कि आखिर वे कितने लोगों के दस्तावेजों का वेरिफिकेशन करेंगे। इसमें सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को आ रही है, जिनके पास आधार कार्ड नहीं है या उससे मोबाइल नंबर अटैच नहीं है। अधिकारियों के अनुसार नए नियम के अनुसार ऐसे लोगों आवेदन करते समय अपने दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड करने पड़ रहे हैं, लेकिन इसके बाद दस्तावेजों का वेरिफिकेशन करवाने आरटीओ ही आना होगा। यहां वेरिफिकेशन के बाद ही वे लोग आनलाइन टेस्ट दे सकेंगे। अधिकारियों का कहना है ऐसे तो नई व्यवस्था का उद्देश्य पूरा ही नहीं हो सकेगा। वहीं दस्तावेजों का वेरिफिकेशन करना हमारा काम नहीं है। अगर किसी व्यक्ति ने जाली दस्तावेज लगाकर वेरिफिकेशन करवा लिया तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। आरटीओ अधिकारी इस पर चर्चा करते रहे कि इस विसंगति से कैसे निपटा जाए। एजेंटों के अनुसार अभी नई व्यवस्था शुरू हुई है। इससे बैंक पेमेंट में दिक्कत आ रही है। इसके अलावा कई बार वेबसाइट अंतिम समय में क्रेश हो जाती है। इससे आवेदक को पूरी प्रक्रिया फिर से दोहरानी पड़ती है।

### आनलाइन आवेदन कर प्राप्त कर पाएगे लाइसेंस

लर्निंग लाइसेंस की प्रक्रिया को पूरी तरह संपर्क रहित बनाया जा रहा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के माध्यम से पूरे भारत के परिवहन कार्यालयों में कम्प्यूटरीकरण की सुविधा प्रदान कर रहा है। अगस्त माह से इन सेवाओं के लिए आवेदकों को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नहीं जाना होगा।अगस्त से लर्निंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को संपर्क रहित किया गया है। संपर्क रहित सेवा के अंतर्गत आवेदक को आरटीओ ऑफिस जाने की आवश्यकता नहीं होगी। आवेदक को अपने आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से वेबसाइट पर आवेदन करना होगा और निर्धारित फीस डिजिटल के माध्यम से जमा करानी होगी।




### *ऐसी है प्रक्रिया

आरटीओ संतोष पॉल ने बताया कि संपर्क रहित लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए जब आवेदक अपने प्रमाणीकरण के माध्यम से इलेक्ट्रानिकली आवेदन करेगा, तब आधार में दर्ज आवेदन का नाम, अभिभावक का नाम, जन्म तिथि, पता और आवेदक की फोटो स्वत- आवेदन फॉर्म में दर्ज हो जाएगी। जिसमें किसी भी अन्य व्यक्ति के द्वारा फेरबदल किया जाना संभव नहीं होगा। आवेदन के साथ आवेदक को अपने फिजिकल फिटनेस संबंधी घोषणा इलेक्ट्रानिकली दर्ज कराना होगा और घोषणा में किए गए शपथ के विरूद्ध यदि आवेदक शारीरिक अनफिट पाया जाता है, तो ऐसी स्थिति में आवेदन नहीं हो पाएगा। आवेदक के शारीरिक फिट होने पर ही आवेदन जमा हो पाएगा। आवेदन जमा होते ही आवेदक को एसएमएस के माध्यम से आवेदन प्राप्त नंबर प्राप्त हो जाएगा।

### एसएमएस से मिलेगा लाइसेंस टेस्ट पासवर्ड

डिजिटल फीस जमा होने के बाद आवेदक को एमएमएस के माध्यम से लर्निंग लाइसेंस टेस्ट पासवर्ड मिलेगा। आवेदक को लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने के पहले अपने कम्प्यूटर से एक टेस्ट देना होगा। जिसमें 20 सवाल पूछे जाएंगे। सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक संकेतों से संबंधित इन सवालों का प्रकार वस्तुनिष्ट होगा। लर्निंग लाइसेंस टेस्ट में 60 प्रतिशत सही जवाब देने पर आवेदक टेस्ट में पास माना जाएगा। इसके बाद खुद ही लर्निंग लाइसेंस उसके पास इलेक्ट्रानिकली जारी हो जाएगा। फिर वो लर्निंग लाइसेंस का प्रिंट निकाल सकता है। वहीं महिला उम्मीदवारों के लिए यह सुविधा पूरी तरह निश?शुल्क होगी।

### और भी कई सुविधाएं जल्द होंगी शुरू

आने वाले माह में ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस की डुप्लीकेट प्रति और ड्राइविंग लाइसेंस में पता बदलवाने के लिए भी संपर्क रहित सेवा भी आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इसके लिए आधार प्रमाणीकरण किए जाने पर यदि आधार में दर्ज आवेदक का नाम, जन्म दिनांक, लाइसेंस में दर्ज नाम व जन्म दिनांक से मिलती है तभी आवेदन जमा होगा। आवेदन जमा होने व डिजिटल फीस व पोस्टल चार्ज जमा होने के बाद आवेदक को एसएमएस के माध्यम से आवेदन नंबर प्राप्त हो जाएगा। साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस कार्ड डाक के माध्यम से आवेदक के पते पर भेज दिया जाएगा।



# जमीन से लेकर छत तक में देखी सफाई व्यवस्था

**जबलपुर।** निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने आज नगर निगम के विभिन्न विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगम परिसर, कार्यालयों के अंदर की साफ सफाई व्यवस्था के साथ-साथ निगम भवन के छतों पर भी जाकर सघनतापूर्वक साफ सफाई की जॉच की। इस दौरान उन्होंने संतोषजनक स्वच्छता एवं रखरखाव व्यवस्था नहीं पाए जाने पर विभागीय प्रमुखों के प्रति नाराजगी जाहिर की और निर्देशित किया कि सभी विभागीय प्रमुख अपने अपने कार्यालयों की बेहतर साफ सफाई व्यवस्थाएॅ सुनिश्चित कराएॅ। उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि कोई विभागीय प्रमुख एक दूसरे के ऊपर दोषारोपण न करें, सभी अधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारी समझकर कार्यालयों की सफाई एवं रखरखाव की व्यवस्था सुदृढ करें। उन्होंने लोककर्म विभाग मुख्यालय के तकनीकी अधिकारियों, स्वास्थ्य अधिकारी, एवं कार्यालय अधीक्षक को विशेष रूप से निर्देशित किया कि निगम प्रांगण के अलावा कार्यालयों के अंदर भी साफ सफाई एवं रखरखाव की व्यवस्था उत्तम रखें। उन्होंने पानी की टंकियों एवं परिसर में संचालित शौचालयों में अंदर जाकर भी साफ सफाई की व्यवस्था देखा और बेहतर सफाई रखने के निर्देश दिये। निगमायुक्त ने आज टी.एल.सी., जनसुनवाई कक्ष, शासकीय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सम्पदा शाखा, स्वास्थ्य विभाग, विधि विभाग, अपर आयुक्त कार्यालय, लेखाशाखा, आदि कार्यालयों का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया और सभी को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये।

***कार्यालय परिसर के शौचालयों की साफ-सफाई पर निगमायुक्त संदीप जी आर ने दिया विशेष जोर**

## सावधान

### कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ

# जरा सी चूक संक्रमण के बढ़ने का कारण बन सकती है:शर्मा

## कोरोना प्रोटाकॉल का उल्लंघन करने वालों पर बरतें सख्ती अनुविभागीय दण्डाधिकारी)

*जबलपुर। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये है । श्री शर्मा ने शासन द्वारा जारी कोरोना गाइड लाइन का भी क?ाई से पालन कराने की हिदायत अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को दी है। मास्क नहीं लगाने अथवा मास्क सही ढंग से नही लगाने तथा फिजिकल डिस्टेसिंग के नियम का पालन नहीं कर रहे है उन पर जुर्माना भी लगाया जाये। कलेक्टर ने जिले में सभी नागरिकों से भी कोरोना की तीसरी लहर आने की जताई जा रही अशंकाओं को देखते हुये सभी जरूरी सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है। श्री शर्मा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति आवश्यक घर से न निकले तथा भी? का हिस्सा न बने। उन्होंने कहा कि जबलपुर में कोरोना के प्रकरण कम हुये हैं लेकिन कोरोना अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। थो?ी सी भी चूक कोरोना संक्रमण के बढ़ने का कारण बन सकती है।जबलपुर जिले के निवासी कोरोना की दूसरी लहर की विभिषिका झेल चुके है। कोई भी यह नहीं चाहेगा कि ऐसे हालात फिर पैदा हो।



कलेक्टर ने व्यापारियों एवं दुकानदारों से भी आग्रह किया है कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर मास्क लगाकर आने वाले ग्राहकों को ही प्रवेश दें तथा बिना मास्क लगाये गये व्यक्तियों को सामग्री का विक्रय न करें। उन्होंने ग्राहकों के बीच फिजिकल डिस्टेंसिंग के नियम का पालन कराने दुकानों पर गोले बनाने का अनुरोध भी किया है। श्री शर्मा ने स्वयं सेवी, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से भी आम लोगों को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन कराने जागरूक करने के प्रयासों के प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में रोको-टोको अभियान को गति प्रदान करने तथा कोरोना प्रोटोकॉल और गाइड लाइन का उल्लंघन करने वालों पर की गई कार्यवाही के प्रतिदिन कलेक्टर कार्यालय में अवगत कराने की हिदायत भी दी है।




# मेडिकल में 700 मरीजों को खाद्य सामग्री का वितरण

जबलपुर । रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर ने सेवा से बदले जीवन के तहत मंगलवार को महत्त्वपूर्ण कार्य किया । चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध करा रहे नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज जबलपुर डीन डॉक्टर पीके कसार, अधीक्षक डॉक्टर राजेश तिवारी, डॉक्टर अव्यक्त अग्रवाल, डॉक्टर विकेश अग्रवाल, डॉक्टर एन एल अग्रवाल, डॉक्टर कविता सिंग, डॉक्टर एच एस वर्मा, डॉक्टर परवेज़ सिद्धकी सभी विभागाध्यक्षों के साथ मिलकर बच्चा वार्ड और अन्य वार्डो के मरीजों को लगभग 700 मरीजों को खाद्य सामग्री का वितरण किया गया । रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनु शरत तिवारी ने बताया कि रोटरी का उद्देश्य है सेवा से बदले जीवन और इसके लिए हमे जब भी जहां पर भी जाकर सेवा करना हो पूरे सेवा भाव से व्यक्ति का जीवन बेहतर बना सकें उसके लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे आज जब बच्चा वार्ड में खाद्य सामग्री का वितरण हुआ वहां के मरीज और परिजन दोनों ही बड़े भावुक हो गए । इस जगह आकर मदद कर लोगों के जीवन में खुशियों के रंग भरें ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर सचिव डॉक्टर जतिन धीरावानी, कोषाध्यक्ष नितिन पालीवाल, बलदीप मैनी, एन के श्रीवास्तव, डॉक्टर नेहा तिवारी, सरलाधर, हिमांशु पचौरी, रोहन कोहली, रमेश जैन, महेन्द्र पाहवा, आशीष मिश्रा का अतुलनीय योगदान रहा ।



# ओ एफ के ठेका कर्मियों ने सीखे संरक्षा उपाय

### मानव संसाधन विकास अनुभाग का विशेष प्रशिक्षण

जबलपुर यशभारत। किसी भी उत्पादन इकाई की गुणवत्ता एवं उत्पादन की प्रथम सीढ़ी संरक्षा और सुरक्षा होती है। संरक्षा एवं सुरक्षा के मूलभूत सिद्धांत के व्यापक प्रचार-प्रसार और अनुपालन के उद्देश्य से आयुध निर्माणी खमरिया के महाप्रबंधक रवि कांत के निर्देशानुसार निर्माणी में कार्य करने वाले कॉन्ट्रैक्ट वर्करों को भी सुरक्षा एवं संरक्षा के सिद्धांतों से अवगत कराने के लिए एचआरडी अनुभाग द्वारा एक विशेष शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया ।जिसमें निर्माणी में कार्यरत 600 से अधिक कॉन्ट्रैक्ट वर्करों को इस विशेष बैच का लाभ मिला । बताया गया कि मुख्य रूप से आयुध निर्माणी खमरिया को दुर्घटना रहित निर्माणी बनाने की दिशा में संरक्षा के विशेषज्ञों के द्वारा इन प्रशिक्षणार्थियों को संरक्षा एवं सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया गया! निर्माणी के प्रबंधन विकास अधिकारी एवं अपर महाप्रबंधक बी.बी.सिंह की मार्गदर्शन मे एचआरडी अनुभाग में यह बेच आयोजित किया गया। जिसमें नोडल अधिकारी एन.डी.तिवारी एचआरडी अनुभाग प्रमुख मनोज सिंह उपस्थित रहे!

## हर्षिता शुक्ला का सुयश



जबलपुर । केन्द्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम गत दिवस घोषित किया गया जिसमें केन्द्रीय विद्यालय नंबर 2 जीसीएफ इस्टेट की छात्र हर्षिता शुक्ला ने शानदार कामयाबी हासिल की परीक्षा में उसे 93 प्रतिशत अंक मिले हैं वे श्रीमती सुमंगला शुक्ला और विजय कुमार शुक्ला की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय माता पिता को दिया और कहा कि आनलाईन पढ़ाई के दौरान उन्होंने खूब मेहनत की अब वे हाईसेकेण्डरी में भी और मेहनत करेंगी। उन्होंने अपने शिक्षकों को भी उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन की प्रति आभार जताया।

# 302 धारा लगाने के निर्णय का अधिकार जांचकर्ता का

### नकली रेमडेसीविर से हुई मौत के मामले पर हाई कोर्ट ने किया याचिका का निराकरण

जबलपुर। उच्च न्यायालय की एकल पीठ विशाल धगत ने नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन के मामले में आरोपी सिटी हॉस्पिटल जबलपुर के संचालक सरबजीत सिंह मोखा के ऊपर धारा 302 आईपीसी का प्रकरण रजिस्टर करने के हेतु दायर की गई याचिका सचिन राय 1ह्य यूनियन ऑफ इंडिया एंड अन्य में, याचिकाकर्ता के अधिवक्ता यश सोनी एवं रविंद्र दत्त द्वारा तर्क दिया गया कि नरसिंहपुर मध्य प्रदेश निवासी राजेंद्र राय 10 मई को सिटी हॉस्पिटल जबलपुर में Covid19 के ट्रीटमेंट हेतु भर्ती कराया गया था जिसके उपरांत उनको अलग-अलग दिनांक पर रेमडेसिवर इंजेक्शन लगाए गए थे जोकि इनफील्ट्रेटेड एवं नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन थे। जिसके पश्चात 3 मई राजेंद्र राय की मृत्यु हो गई थी। याचिकाकर्ता ने फर्जी रेमडेसिवर इंजेक्शन से संबंधित समस्त बिल एवं दस्तावेज याचिका में प्रस्तुत किए थे, जिसका अवलोकन करने के पश्चात माननीय उच्च न्यायालय ने यह निर्देश जारी किया कि धारा 302 का अपराध उक्त मामले में बनता है अथवा नहीं यह निर्णय करने का अधिकार जांच अधिकारी का होगा। इसलिए जांच अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि वह याचिकाकर्ता के आवेदन की विवेचना के उपरांत अगर आरोप उचित पाता है तो वह उसमें उचित कार्रवाई कर सकता है। साथ ही यह भी आदेशित किया कि यदि याचिकाकर्ता जांच अधिकारी की विवेचना एवं निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो वह अपना आवेदन उचित न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से न्यायालय के समक्ष क्रिमिनल परिवाद दायर कर सकता है। उपरोक्त आदेश देते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने याचिका का निराकरण करते हुए डिस्पोज कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता यश सोनी एवं रविन्द्र दत्त ने पक्ष रखा।



# एरियर और मंहगाई भत्ता न मिलने से कर्मचारियों में रोष

जबलपुर ।प्रदेश भर के कर्मचारी एरियर और मंहगाई भत्ता न मिलने से खासे नाराज हैं। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि कमिश्नर कार्यालय जबलपुर संभाग जबलपुर में अरविंद यादव संयुक्त आयुक्त विकास को मुख्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि मध्य प्रदेष शासन के द्वारा सन 2020 की रोकी गई वेतन वृद्धि तो दी गयी परंतु कर्मचारियों को 12 माह के एरियर की राशि नहीं दी गई जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। एरियर की राषि कर्मचारियों का हक है जो हर हाल में शासन को देना होगा। प्रदेष शासन को वेतन वृद्धि बहाल करने के साथ ही एरियर की राषि भी देना चाहिए थी यदि शासन द्वारा एरियर की राषि अतिषीघ्र नहीं दी गयी और कर्मचारियों की विभिन्न जायज मांगो को अतिषीघ्र पूरा नहीं किया गया तो जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के द्वारा अगस्त माह में पूरे प्रदेष में आंदोलन किया जाएगा। संघ के संघ के प्रांताध्यक्ष उदित भदौरिय मीनूकांत शर्मा, जियाउर्रहीम, शहीर मुमताज, हेमंत ढाकरे, राकेष श्रीवास, दिनेष गोंड़, अजय मिश्रा, गोपीषाह, विनोद सिंह, स्टेनली नॉबर्ट, शैलेष जैन, कैलाष शर्मा, एनोस विक्टर, अरूण जैन, धीरेन्द्र गर्ग, विनोद पुरी, प्रकाष मिश्रा, गोकुल सिंह ढाकुर, ओमकार दुबे, आदि ने ज्ञापन सौंप कर मुख्य मंत्री महोद्य से मांग की है कि कर्मचारियों की 12 माह की एरियर की राषि, मंहगाई भत्ता और गृहभाड़ा भत्ता अतिषीघ्र देने की मांग की है।

# जीवन सफल नहीं, सार्थक होना चाहिये :चक्रधर

## राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों और विद्यार्थियों की भूमिका ,ऑनलाइन व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन भोपाल द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत च्राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों और विद्यार्थियों की भूमिकाज्ञ विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सरकार्यवाह प्रसिद्ध चिंतक रामदत्त चक्रधर ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि सभी में राष्ट के प्रति प्रेम एवं समर्पण का भाव होना चाहिये। शिक्षक अपने आचरण से विद्यार्थियों को सिखाएँ। शिक्षक विद्यार्थियों को पूरा समय एवं संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करें। जीवन सफल नही, सार्थक होना चाहिये ।इस अवसर पर उच्च शिक्षामंत्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना विद्यार्थियों के कॅरियर, प्लेसमेंट के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास के लिए संलग्न है। श्री रामदत्त चक्रधर का उद्बोधन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को दिशा प्रदान करेगा ।डॉ. उमेश सिंह, निदेशक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, भोपाल ने कार्यक्रम का उददेश्य बताते हुये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का परिचय दिया। जबलपुर संभाग के नोडल अधिकारी डॉ. अरूण शुक्ल, जिला नोडल अधिकारी डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, डॉ. चित्रा प्रभात, डॉ.पी.सी.उइके, डॉ. आलोक तिवारी, डॉ. सुदामा प्रसाद धूमकेती के साथ प्रदेश के 40,000 शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने ऑनलाइन फेसबुक, यूटयूब के माध्यम से कार्यर्क्रम में सहभागिता की। उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यक्रम में जबलपुर संभाग से 4023 शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की।

# गढ़ा में गुम हुआ बच्चा सुबह दोस्त के घर पर मिला

## रातभर खोजती रही पुलिस

जबलपुर। गढ़ा थाना अंतर्गत आनंदकुंज में निवासा करने वाला एक 8 साल का बच्चा खेलते-खेलते गुम हो गया। जब बच्चे के माता-पिता ने खोजबीन की तो कहीं भी बच्चा नहीं मिला। जिसके बाद पीड़ितों ने थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने देर रात मामला दर्ज कर, टीम गठित कर बच्चे को खोजती रही। जिसके बाद सुबह अपने दोस्त के घर बच्च बरामद हुआ। गढ़ा पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अक्ष चढार उम्र 8 साल पिता रमाकांत चढ़ार आनंदकुंज, गढ़ा के निवासी है और पेशे से मजदूरी करते है। रात में उनका बच्चा घर से खेलते-खेलते ही बिना बताए कहीं चला गया। जिसके बाद पुलिस टीम रातभर बच्चे को खोजती रही और सुबह बच्चा अपने दोस्त के घर मिल गया। पुलिस ने बताया कि बच्चा अपने दोस्त के घर में ही रात में सो गया था। जिसे आज पुलिस ने उसके परिजनों के सुपुर्द किया।

## अन्न उत्सव 7 अगस्त को

# भाजपा महानगर की बैठक में बनी कार्ययोजना

जबलपुर। रोटी, कपडा और मकान गरीबों की इस बुनियादी जरूरत को भाजपा सरकार पूरा कर रही है। हमारा लक्ष्य दरिद्र नारायण की सेवा है। सरकार के माध्यम से हम दीनदयाल जी के अंत्योदय को साकार कर रहे है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 80 करोड़ लोगों को दीपावली तक मुफ्त अनाज देकर बडी राहत देने का काम किया है। मध्यप्रदेश में इस योजना से 1 करो? 15 लाख परिवारों के लगभग 5 करोड़ हितग्राही लाभान्वित होंगे। आगामी 7 अगस्त को इस योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री जी मध्यप्रदेश के हितग्राहियों को अन्न उत्सव के माध्यम से लाभ देंगे। यह कार्यक्रम भव्य और उत्सवी हो इसके लिए पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष अन्न उत्सव की तैयारियों में जुटें यह बात भाजपा नगर अध्यक्ष श्री जीएस ठाकुर ने महानगर की बैठक में जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षो से कही। श्री ठाकुर ने बैठक में बताया आगामी 7 अगस्त को मध्यप्रदेश की 25435 राशन दुकानों पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अन्न उत्सव आयोजित होगा। हर राशन दुकान पर सोशल डिस्टेंसिंग के साथ 100 हितग्राहियों को राशन वितरित किया जायेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस उत्सव का विधिवत शुभारंभ करेंगे साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का वर्चुल सम्बोधन भी होगा जिसके सीधा प्रसारण हर राशन दुकान में किया जाएगा। अन्न उत्सव के कार्यक्रम में जबलपुर महानगर के अंतर्गत आने वाली सभी राशन दुकानों में कार्यक्रम आयोजित होंगे जिनमे वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे। श्री ठाकुर ने बताया कि अन्न उत्सव में शामिल होने के लिए 6 अगस्त को हितग्राहियों को घर-घर निमंत्रण दिया जायेगा।



# रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा पौधा रोपण

जबलपुर। विगत दिवस रोटरी क्लब जबलपुर साउथ के तत्वाधान में रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल संजीवनी नगर में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ पौधा रोपण के साथ हरियाली गीत गा कर किया गया ।रोटे अनुराग जैन ग?वाल ने पौधा रोपण क्यो करना चहिए इस पर रोटरी के क्या विचार है उससे सब को अवगत कराया उपस्थित सब सदस्यों ने एक एक पौधा वहां पर लगाया आज के कार्यक्रम में विशेष रूप से जो लोग उपस्थित थे रोटे .प्रमोद वैश्य जी रोटे. रोटे . अशोक परयानी जी रवि वैश्य रोटे. हर नारायण राजपूत , रोटे आर .एस चौहान रोटे रोहित माटा ,(पूर्व सचिव) रोटे. श्रीमती वर्षा चौहान ,रोटे. राकेश गिदरोनिया,रोटे. आलोक जैन नवीन सदस्य श्री लक्ष्मी कांत शुक्ला जी एवं सुचिता शुक्ला, कौशिकी शुक्ला, श्रुति जैन गढ़ावाल शुभ्रा जैन गढ़ावाल की उपस्थिति थी ।कार्यक्रम के अंत मे में जो लोग परिवार सहित इस कार्यक्रम उपस्थित थे उन्हें क्लब द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया कार्यक्रम का संपूर्ण भार रोटे.आर एस चौहान एवं रोटे. वर्षा चौहान ने अपने कंधों पर लिया आभार प्रदर्शन रोटेरियन मकरंद कुलकर्णी ने किया

## ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता

# इंडियन कॉफी हाउस को हाइजिन रेटिंग में एक्सीलेंट सर्टिफिकेट

जबलपुर । ईट राइट चैलेंज के अंतर्गत हाइजिन रेटिंग टास्क में सफल होने के कारण जबलपुर शहर के सभी बारह इंडियन कॉफी हाउस रेस्टोरेंट को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के मानकों को सफलता पूर्वक पूर्ण करने से एफएसएसएआई भारत सरकार द्वारा एक्सीलेंट सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी के अनुसार प्रक्रिया में एफएसएसएआई से अधिकृत कंपनी आजाद एग्रो इंदौर द्वारा सभी संस्थानों के निर्धारित समस्त मानकों की जांच कर ऑडिट रिपोर्ट तैयार की गई थी। हाइजिन रेटिंग के टास्क में जबलपुर जिला एमपी में वर्तमान में नम्बर एक पर है। इसमें खाद्य सुरक्षा प्रशासन के समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का विशेष योगदान रहा है।

# होम साइंस कॉलेज में कोवीड शील्ड टीकाकरण अभियान

जबलपुर। सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड में कोवीशील्ड टीकाकरण अभियान कार्यक्रम किया गया जिसमे क्षेत्र के अधिकांश लोग सम्मिलित हुए द्व कोवीसील्ड एवं को-वैक्सीन दोनों ही उपलब्ध थे । लोगों में वैक्सीन लगवाने के लिए अत्यधिक उत्साह देखा गया । इस अवसर पर भाजपा कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने कहा कि वैक्सीन लगवाएं और कोरोना से लड़ाई में देश को विजयी बनायें, साथ ही साथ शिक्षाविद अनुराग सोनी ने कहा



कि लड़ाई में जनभागीदारी बहुत जरुरी है और हर व्यक्ति का कर्त्तव्य है कि वह वैक्सीन जरूर लगवाएं । इस अवसर पर विवेकानंद मंडल अध्यक्ष योगेश बिलोहा, शिक्षाविद अनुराग सोनी , योगेश घांडी घंड़े , लालू यादव, जीतेन्द्र चाँदोरकर, उज्जवल पचौरी, विवेक जैन, राहुल बेन, शिवेंद्र सिंह चौहान, सूरज सोंधिया , रवि पटेल, सचिन अजमेरे, श्रीमती ममता पटेल, संदीप द्विवेदी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे आप सभी से आग्रह है कि वैक्सीन लगवाएं और कोरोना से लड़ाई में देश को विजयी बनायें । कार्यक्रम के संयोजक विशाल दत्त थे।

## मुहर्रम का चांद 9 को नजर आने की उम्मीद

# मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में शहीदी कलाम गूंजने लगे

**जबलपुर। पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन आली मुकाम की शहादत के स्मृति पर्व मुहर्रम की प्रारंभिक तैयारियां मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में नजर आने लगी है।**

मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना मोहम्मद हामिद सिद्दीकी के अनुसार 9 अगस्त मुताबिक उन्नीस जिल्हज को मुहर्रम शरीफ का चांद नजर आने की उम्मीद है। गौरतलब है कि पहली मुहर्रम से इस्लामी नया साल हिजरी सन 1443 का आगाज होगा। जबलपुर में मुहर्रम का पर्व हजरत इमाम अली मुकाम के उर्स शरीफ के रूप में परम्परानुसार मनाया जाता हे। मुस्लिम धर्मावलंबियों के साथ बड़ी संख्या में हिन्दू धर्मावलंबी भी अकीदत से मुहर्रम मनाते है। संस्कारधानी का मुहर्रम पूरे देश में कौमी एकता तथा साम्प्रायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल के रूप में मशहूर है।



### शहीदी कलाम-

मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारकों पर मुहर्रम के शहीदी कलाम गूंजने लगे है। नालबंद मुहल्ला, मोतीनाला , गोहलपुर, मदार टेकरी, चार खंबा, अजीजगंज, नूरी नगर, ठक्कर ग्राम, भानतलैया, गलगला, फूटाताल, अनवरगंज, ओमती नया मुहल्ला सहित सदर एवं गढ़ा की मुस्लिम बस्तियों में शहीदी कलाम गूंज रहे है।

### ताजिया सवारी-

मुहर्रम का प्रमुख आकर्षण ताजिया है जो हजरत इमाम के रोज ए मुबारक की झांकी के रूप में बनाये जाते है। मुस्लिम बहुत क्षेत्र मंडी मदार टेकरी निवासी बाबा हलीम शाह के फर्जन्द बाबा कलीम शाह व शमीम शाह खानदानी ववाजिवादार है। शाह घराने में सात पीढ़ियों से ताजिबदारी का काम हो रहा है। उनके बनाये ताजिये जबलपुर के अतिरिक्त समीपवर्ती जिलों में भी जाते है। संस्कारधानी में मुहर्रम का एक ओर प्रमुख आकर्षण कलात्मक सवारियां है। सवारियां की परम्परा दो सौ साल पुरानी है। वर्षों पहले सदर में कलात्मक सवारियों का निर्माण शुरू कि गया था जो अब पूरे शहर में फैल गया है। गढ़ा के पुराने मुजावर परम्परा फूल मखाने की सवारियां बनाते हैं।

### शिया समुदाय-

नगर के शिया मुस्लिम समुदाय द्वारा 10 दिवसीय मुहर्रम पर्व के दौरान इमामबाड़ों में सुबह से रात तक मजलिसों का पहतेमाम किया जाता है। दोपहर गलगला में जनानी मजलिस होती है। रात्रि में इमामिया हाल में हुसैनी मजलिस का एहतेमाम होता है। बोहरा समुदाय द्वारा भी पहली से दसवीं मुहर्रम तक कोतवाली बाजार स्थित जमातखाने में मजलिस का एहतेमाम किया जाता है।

## शिक्षक संघ को मुख्यमंत्री से मिलायेंगे रोहाणी

जबलपुर । जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय प्राध्यापक वैज्ञानिक संघ के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक शुक्ला, सचिव डॉ. एस.के. पांडे, डॉ. एम.एल. केवट एवं पदाधिकारियों ने समस्त प्राध्यापकों के साथ क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी से मिलकर यथाशीघ्र 7वॉ वेतनमान लागू कराने की मांग की।


## नाम सुधार

मैं BHARATSINGH GYAN SHING RAJPUT पिता श्री GYAN SHING RAJPUT यह घोषणा करता हूं कि मैं खमरिया आर्डनेंस फैक्टरी में कार्यरत हूं। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम GOURAV SINGH RAJPUT दर्ज है। जिसमें मेरे पुत्र के नाम में RAJPUT अतिरिक्त दर्ज है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम GOURAV SINGH दर्ज है जो कि सत्य व सही है। अतः मेरे सर्विस दस्तावेजों में मेरे पुत्र का सही नाम GOURAV SINGH दर्ज किया जाये।

गलत नाम GOURAV SINGH RAJPUT

सही नाम GOURAV SINGH

**पता: क्वा. नं 1/13, एच-टाईप ईस्ट लैण्ड खमरिया**

# केंद्र सरकार ने बढ़ाया मूंग खरीद का कोटा

**भोपाल।** केंद्र सरकार ने शिवराज सरकार की मांग को मानते हुए समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद का लक्ष्य एक लाख 23 हजार टन बढ़ा दिया है। अब प्रदेश में कुल दो लाख 47 हजार टन मूंग की खरीद होगी। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कृषि मंत्री कमल पटेल लगातार केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और कृषि मंत्रालय के अधिकारियों से संवाद कर रहे थे। अब तक प्रदेश में 99 हजार टन मूंग खरीदी जा चुकी है। कृषि मंत्री कमल पटेल ने बताया कि प्रदेश में इस बार ग्रीष्मकालीन मूंग का 12 लाख टन से ज्यादा उत्पादन हुआ है। केंद्र सरकार ने एक लाख 34 हजार टन मूंग समर्थन मूल्य पर खरीदने की अनुमति दी थी, जबकि केंद्र सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम में प्रविधान है कि कुल उपज का 25 फीसद खरीदा जाता है। इसी आधार पर प्रदेश सरकार लगातार केंद्र सरकार से खरीद का लक्ष्य बढ़ाने की मांग कर रही थी। किसान हित को देखते हुए केंद्र सरकार ने अब एक लाख 13 हजार टन मूंग अतिरिक्त खरीदने की अनुमति दी गई है। प्रदेश में पहली बार केंद्र सरकार ने ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदने की अनुमति दी है। इसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा। मूंग का समर्थन मूल्य सात हजार 196 रुपये प्रति क्विंटल है। मध्य प्रदेश में सात अगस्त को होने वाला अन्न् उत्सव देश में मिसाल बने। इस कार्यक्रम की चर्चा पूरे देश में हो रही है। अन्य राज्यों के मंत्री और अधिकारी भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आ रहे हैं, इसलिए व्यवस्था चाकचौबंद रहे। ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न् योजना के इस कार्यक्रम से जोड़ा जाए। मंत्री प्रभार के जिलों में तैयारियों को देखें और समन्वय करें। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित करते हुए कही। साथ ही कार्यक्रम से जुड़ी जानकारियां भी दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह आपदा प्रबंधन समितियों द्वारा कोरोना प्रबंधन और प्रदेश का टीकाकरण अभियान पूरे देश में चर्चा का विषय रहा है, उसी प्रकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न् योजना के तहत हो रहा अन्न् उत्सव भी मिसाल बने। कई राज्यों के मंत्री और अधिकारी भी हमारे कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। प्रदेश की 25,435 उचित मूल्य की राशन दुकानों पर यह कार्यक्रम होगा, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे और हिताग्रहियों को संबोधित करेंगे। इस दिन प्रत्येक दुकान पर सौ हितग्राहियों को थैले में दस किलोग्राम राशन दिया जाएगा। इसमें कोरोना गाइडलाइन का पालन किया जाए। प्रत्येक दुकान पर होने वाले कार्यक्रम के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर को इसका प्रभारी बनाया है।

**मध्य प्रदेश में अब समर्थन मूल्य पर दो लाख 47 हजार टन मूंग खरीदी जाएगी।**



**अन्न् उत्सव में अन्य राज्यों के मंत्री-अधिकारी भी होंगे शामिल, यह देश में मिसाल बने**

# शुल्क देकर 30 फीसद अवैध निर्माण को करा सकेंगे वैध

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में शहरी क्षेत्रों के वाशिंदे अब शुल्क देकर अपने मकान, दुकान या अन्य भवन का 30 फीसद तक अवैध निर्माण वैध करा सकेंगे। सरकार ने कानून में संशोधन कर दिया है और इसी हफ्ते नियम भी जारी हो जाएंगे। इसके बाद मकान मालिक अवैध निर्माण को वैध कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे। संबंधित नगरीय निकाय अवैध निर्माण का आकलन कर राशि तय करेंगे, जो जमा करना होगी। ज्ञात हो कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 20 फीसद अवैध निर्माण को वैध करने का प्रस्ताव दिया था, जिसे मंत्रियों की सहमति से 30 फीसद किया गया है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर सहित प्रदेश के तमाम शहरी क्षेत्रों में मकान, दुकान एवं अन्य भवनों में मंजूर निर्माण क्षेत्र से ज्यादा निर्माण बड़ी समस्या बना हुआ है। अभी तक नगरीय निकाय ऐसे निर्माण को तोड़ता था और भवन स्वामी पर जुर्माना लगाता था पर अब शुल्क लेकर इसमें से 30 फीसद निर्माण वैध किया जा सकेगा। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने %भूमि विकास अधिनियम 2012' में संशोधन का प्रस्ताव दिया था, जो मंजूर हो चुका है। संशोधन के बाद इसके पालन के लिए नियम बनाए जाने थे, जो बनकर तैयार हो गए हैं और विधि विभाग ने इनका परीक्षण भी कर लिया है। ये नियम इसी हफ्ते जारी किए जा सकते हैं। इस संशोधन से नगरीय निकायों की आमदनी बढ़ेगी तो भवन स्वामियों का तनाव भी कम होगा। उन्हें हमेशा यह डर सताता रहता है कि निकाय कभी भी उनका अवैध निर्माण तोड़ देंगे।



# प्रदेश के 88 बीएड और 60 कॉलेज काउंसिलिंग में नहीं होंगे शामिल

**भोपाल।** प्रदेश के आगामी सत्र 2021-22 में प्रवेश देने के लिए शासन ने प्रदेश के 88 बीएड और 60 अन्य कॉलेज काउंसिलिंग प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है। इन कॉलेजों ने काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए दस्तावेजों की पूर्ति नहीं की है। इससे बीएड के करीब दस हजार सीटों पर काउंसिलिंग नहीं की जाएगी। हालांकि शासन ने इन कॉलेजों को दस्तावेज सत्यापन के निर्देश दिए हैं, ताकि वे दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में शामिल हो सकें। बता दें कि प्रदेश 1450 कॉलेजों के लिए एक अगस्त से पंजीयन की प्रक्रिया शुरू की गई है। अब तक करीब 30 हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। शासन ने 88 बीएड कालेज और सभी आठ विश्वविद्यालयों ने 60 कालेजों पर रोक लगा दी है। उन्होंने काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए दस्तावेजों की पूर्ति नहीं की है। इससे बीएड में करीब दस हजार सीट शामिल नहीं की जा सकी हैं। इसी तरह पारंपरिक कोर्स यूजी व पीजी में भी सीटों की गिनती कम हुई है। प्रदेश के 88 बीएड कालेजों ने एनसीटीई और प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति से फीस का निर्धारण नहीं कराया है, इसलिए शासन ने उन्हें काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया गया है। सिर्फ 53 हजार सीटों पर काउंसिलिंग होगी। विभाग ने इन कालेजों को एनसीटीई से मान्यता और फीस कमेटी से फीस निर्धारित कराने का मौका दिया है, ताकि वे दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में शामिल हो सकें।



## अफ्रीकी चीता की प्रकृति समझने अफ्रीका जाएंगे
# कूनो नेशनल पार्क के अधिकारी



**भोपाल।** इसी साल नवंबर माह में मध्य प्रदेश लाए जा रहे अफ्रीकी चीता की प्रकृति यानी रहने-खाने का तरीका और दिनचर्या को समझने के लिए अगले माह कूनो नेशनल पार्क के वनमंडल अधिकारी, रेंजर, डॉक्टर का दल अफ्रीका के कई देशों में जाएगा। दल में चीता की देखरेख करने वाले दो कर्मचारी भी शामिल रहेंगे। दल 20 से 25 दिन वहां रहकर चीता की आदतों को समझने की कोशिश करेगा, ताकि भारत लाए जाने के बाद चीता के स्वस्थ और बीमार होने की स्थिति पहचानी जा सके। वहीं डॉक्टर चीता के इलाज का प्रशिक्षण लेंगे। इस दौरान उन्हें बताया जाएगा कि चीता के इलाज में कौन सी दवाओं की जरूरत होती है। वन्यप्राणी मुख्यालय ने इस दल को भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।देश में 72 साल बाद चीता लौट रहा है। वर्ष 1948 में सरगुजा (वर्तमान में छत्तीसगढ़) में आखिरी बार चीता देखा गया था। वर्ष 1952 में भारत सरकार इस प्राणी को विलुप्त प्राणियों की सूची में शामिल कर चुकी है। इसे अब फिर से देश में बसाया जा रहा है और मध्य प्रदेश को इसके लिए चुना गया है। चीता की जानकारी रखने वाला देश में कोई विशेषज्ञ नहीं है।भारतीय वन्यजीव संस्थान के वैज्ञानिक भी चीता की देखरेख की बारीकियां समझ रहे हैं। अब जबकि चीता को मध्य प्रदेश में रहना है, तो उसकी देखरेख, सुरक्षा, खाने-पीने और स्वास्थ्य की भी पूरी जानकारी होना चाहिए। इसलिए यह दल पूरा प्रशिक्षण लेकर लौटेगा। इतना ही नहीं, चीता के साथ अफ्रीका के विशेषज्ञ भी आएंगे, जो कुछ महीने यहां रहेंगे। ताकि प्रदेश की धरती पर आकर उसे कोई समस्या खड़ी न हो। अफ्रीका भेजी जाने वाली टीम का चयन कर भारत सरकार को सूचना भेज दी है। यह टीम सितंबर अंत तक भेजी जा सकती है।

### पहले चरण में आएंगे 14 चीता

पहले चरण में नवंबर माह में 14 चीता लाए जाएंगे। उन्हें कूनो पालपुर में विशेष बाड़े में रखा जाएगा। जब वे यहां की आबोहवा में रच-बस जाएंगे, तब उन्हें खुले जंगल में छोड़ा जाएगा। इस प्रयोग की सफलता को देखते हुए भारत सरकार अगले चरणों में और चीते ला सकती है। उन्हें राजस्थान और झारखंड में बसाने पर विचार किया जा सकता है।

# राजधानी में टीआइ ने थाने में कराई भाई की पदस्थापना, भाईवाद से बढ़ीं मुश्किलें

**भोपाल।** थाना प्रभारी ऐशबाग की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। वह पहले से ही सटोरियों और जुआरियों से मिलीभगत के आरोपों के चलते जांच के दायरे में हैं। अब चर्चा है कि तीन दिन पहले जिस दस पुलिस कर्मियों की पुलिस लाइन से थाना ऐशबाग में नवीन पदस्थापना की गई है उनमें टीआइ के भाई आरक्षक शैलेष अवस्थी का नाम भी शामिल था। चर्चा है कि नीलेश ने भाई की सिफारिश करके उसे ऐशबाग थाने में पदस्थ कराया था। सटोरियों से लेनदेन के आरोप में एसपी साई कृष्णा ने तीन दिन पहले ऐशबाग थाने में पदस्थ एक एएसआइ समेत सात पुलिसकर्मियों को निलंबित किया था। इनके स्थान पर दस पुलिस कर्मियों की नवीन पदस्थापना की गई थी। इनमें नीलेश अवस्थी का छोटा भाई आरक्षक शैलेष भी था। मामला एसपी साउथ की जानकारी में आने के बाद शैलेष अवस्थी का थाना ऐशबाग में किया गया तबादला आदेश निरस्त कर दिया

### टीआइ हो चुके हैं लाइन अटैच

क्राइम ब्रांच ने सात जुलाई को इंद्रा कालोनी में हिस्ट्री शीटर जुबेर मौलाना के घर दबिश देकर जुए की फड़ पकड़ी थी। यहां से क्राइम ब्रांच ने जुबेर समेत 40 जुआरी गिरफ्तार किए थे। जुआ थाना पुलिस की मिलीभगत से संचालित हो रहा था। मामले में थाना प्रभारी अजय नायर लाइन अटैच, बीट प्रभारी एसआइ नीलेश पटेल सस्पेंड और एएसआइ अजय सिंह, हवलदार अशरफ अली, हवलदार मनोज कटियार को लाइन अटैच किया था। नीलेश अवस्थी इलाके के बदमाशों से परिचित हैं।

शैलेष अवस्थी को तीन दिन पहले ऐशबाग थाने में पदस्थ किया था। जानकारी मिली कि वह थाना प्रभारी के भाई हैं तो थाने में दूसरे आरक्षक को पदस्थ किया है। **-साई कृष्णा एस थोटा, पुलिस अधीक्षक साउथ**

# अति वृष्टि और बाढ़ से 1171 गांव प्रभावित, 1600 लोगों को बचाया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अति वृष्टि और बाढ़ से प्रदेश के शिवपुरी, श्योपुर, दतिया, ग्वालियर, भिंड और रीवा में लगभग 1171 गांव प्रभावित हुए हैं। कुल 200 गांव घिरे हुए हैं। एसडीईआरएफ, एनडीईआरएफ की टीम ने लगभग 1600 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया है। सेना बुला ली गई है। एयर फोर्स के पाँच हेलीकॉप्टरों ने ग्वालियर से आज सुबह उड़ान भरी थी। वे 8 माइल तक गए पर खराब मौसम होने के कारण रेस्क्यू के लिए उतर नहीं सके। मुख्यमंत्री ने प्रभावित गांवों के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वह सतर्क रहें। हम आपकी चिंता कर रहे हैं। राहत शिविर और भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश दे दिये गये हैं। अफवाहों पर ध्यान न दें। सभी बांध सुरक्षित हैं, आत्म-विश्वास रखें। सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। प्रभावित क्षेत्रों के लोग हौसला बनाए रखें। मुख्यमंत्री मंत्रालय स्थित सिचुएशन रूम से बाढ़ और अति वृष्टि की स्थिति का अवलोकन और समीक्षा करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

### एसडीईआरएफ और एनडीईआरएफ की 73 टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम में सुधार होते ही हेलीकॉप्टर फिर राहत और बचाव के काम के लिए रवाना होंगे। विशेष रूप से शिवपुरी और श्योपुर में 22 गांव घिरे हैं। कल 11 लोगों को एयर फोर्स ने निकाला। एसडीईआरएफ की 70 टीमें और 3 एनडीईआरएफ की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हैं। केंद्र शासन से और टीमें भेजने का अनुरोध किया गया है।

### दो दिन में हुई 800 मिली मीटर वर्षा

चौहान ने कहा कि अति वृष्टि और बाढ़ के कारण विकट स्थिति बनी है। शिवपुरी और श्योपुर में दो दिन में 800 मिली मीटर वर्षा हुई। इस अप्रत्याशित बरसात के कारण बाढ़ की स्थिति बनी है। ऐसा लगा जैसे बादल फट गए। पानी के बहाव के कारण बोट नहीं जा पा रही है। शिवपुरी के बीछी गांव में तीन लोग पेड़ पर अटके थे, जिन्हें सुरक्षित निकाला गया हैं। दूर-दूर तक गाँव खाली हैं। एक पुजारी मंदिर की छत पर घिरे हैं। उनकी चिंता कर रहे हैं। भोजन और राहत के प्रबंध कर रहे हैं। ढाढस बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं और हमारे मंत्री लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

### जल्द ही स्थिति सुधरेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि एयर फोर्स के श्री सहरावत से चर्चा हुई है।प्रभावित जिलों क्रमशः शिवपुरी, दतिया, ग्वालियर, अशोकनगर के कलेक्टर संपर्क में हैं। मड़ीखेड़ा डेम में पानी अधिक होने के कारण पानी छोड़ा गया था। डेम से पहले 12 हजार 500 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था, अब 10 हजार 500 क्यूसेक कर दिया गया है। डेम से पानी छोड़ने से प्रभावित होने वाले गांव के लोगों को सतर्क कर दिया गया है। बारिश का प्रभाव भी कम हुआ है। अब जल्द ही स्थिति सुधरेगी।गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट और राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया तथा शिवपुरी के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया शिवपुरी कंट्रोल रूम से राहत और बचाव कार्यों का समन्वय कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मंत्रालय स्थित सिचुएशन रूम से ग्वालियर-चंबल संभाग के इलाकों में आई बाढ़ को लेकर आपात बैठक की। बैठक में संबंधित मंत्री, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस, डीजीपी विवेक जौहरी सहित प्रशासनिक, एसडीईआरएफ, एनडीईआरएफ, एयर फोर्स के उच्च अधिकारी शामिल हुए। वीसी से जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। बैठक में भोपाल से बाढग्रस्त जिलों को हर संभव मदद दिए जाने के निर्देश दिए गए।

# 12वीं की अंकसूची माशिमं की वेबसाइट पर नहीं मिलने से विद्यार्थी परेशान

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने मप्र बोर्ड बारहवीं का रिजल्ट 29 जुलाई को घोषित किया गया, लेकिन एक सप्ताह बाद भी विद्यार्थियों को अंकसूची को लेकर परेशान होना पड़ रहा है। कई विद्यार्थियों की अंकसूची पहले दिन माशिमं की वेबसाइट पर अपलोड थी, लेकिन अब नजर नहीं आ रहा है। इस वजह से विद्यार्थी अपनी अंकसूची डाउनलोड नहीं कर पा रहे हैं। कई विद्यार्थी माशिमं के हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर अपनी समस्या से अवगत करा रहे हैं। इसमें जिले सहित प्रदेश के ऐसे सैकड़ों विद्यार्थी हैं, जिनका हायर सेकंडरी का रिजल्ट बोर्ड ने पहले जारी दिखाया, लेकिन अगले ही दिन या तो उनका रिजल्ट दस्तावेजों की कमी से रोक दिया गया या उनका रोल नंबर ही अवैध बता रहा है। ऐसे विद्यार्थियों का नतीजा अचानक वेबसाइट से हटा लेने को लेकर बोर्ड की ओर से भी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। ये विद्यार्थी अपने रिजल्ट को लेकर संशकित हो रहे हैं।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 25वीं बटालियन, भोपाल से 10वीं करने वाले शाश्वत झा ने इस वर्ष स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप 12वीं का फार्म भरा था। रिजल्ट जारी होने पर उनकी मार्कशीट दिखाई दी, जिसमें अधिकतर विषयों में 54 और 55 अंक दिए हुए थे, लेकिन अगले दिन जब वह अंकसूची निकालने गए तो उनका रिजल्ट दस्तावेजों की कमी के कारण रुका हुआ बताया गया। वहीं छात्रा तन्वी जैन ने 10वीं की परीक्षा शासकीय कन्या उमावि से 2004 में नियमित विद्यार्थी के रूप में दी थी। पारिवारिक कारणों से वह आगे नियमित पढ़ाई नहीं कर पाईं। इस वर्ष तन्वी ने 12वीं का फार्म भरा था। पहले दिन उनका रिजल्ट जारी करना दिखाया गया, लेकिन अगले दिन रोल नंबर ही वैध नहीं होने का मैसेज आने लगा। अब तन्वी अचानक रिजल्ट रोक दिए जाने और भविष्य को लेकर परेशान है। बोर्ड ने इस वर्ष 12वीं का रिजल्ट विद्यार्थियों की 10 वीं के अंकों के आधार पर बनाया है। ऐसे में दूसरे बोर्ड या सीबीएसई से 10वीं उत?तीर्ण करके आए छह हजार से अधिक विद्यार्थियों का रिजल्ट दस्तावेज सत्यापन नहीं होने के चलते रुक गया है। इसके अलावा कई विद्यार्थी ऐसे भी हैं जो एपमी बोर्ड के ही हैं, उनके पास 10वीं की अंकसूची भी है, लेकिन नियमानुसार फार्म फीस भरने के बाद भी इनके रिजल्ट रोक दिए गए हैं।



### छह हजार विद्यार्थियों का रिजल्ट जारी नहीं हुआ है

माशिमं ने अन्य राज्य या बोर्ड के कुल छह हजार 348 विद्यार्थियों का रिजल्ट जारी नहीं किया है। उनकी 10वीं की अंकसूची का सत्यापन किया जा रहा है। अंकसूची सत्यापन के बाद इन विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सात अगस्त तक घोषित किया जाएगा।

### अंसतुष्ट विद्यार्थियों की एक सितंबर से होगी परीक्षा

अगर कोई विद्यार्थी अपने परीक्षा परीणाम से असंतुष्ट है तो उनके लिए एक से 25 सितंबर के बीच विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें वे शामिल हो सकेंगे। इसके लिए विद्यार्थी दस अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं।

कुछ तकनीकी समस्याएं आने के चलते ये परेशानी हुई है। ऐसे विद्यार्थी परेशान ना हों। जल्द ही समस्या दूर कर ली जाएगी।
**-उमेश सिंह, सचिव, माशिमं**

# आधा एकड़ जमीन हड़पते हुए प्रापर्टी डीलर को दोस्त ने लगाया 65 लाख का चूना

**सौदा तय होने के बाद आरोपित ने चेक से किया भुगतान, जो बाउंस हो गए। पटवारी से मिलीभगत कर जमीन का नामांतरण भी करा लिया।**

**भोपाल।** राजधानी के एक प्रापर्टी डीलर के साथ उसके एक दोस?त ने जमीन सौदे के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी कर दी। आरोपित ने प्रॉपर्टी डीलर की मिसरोद थाना क्षेत्र में स?थित बंगरसिया में आधा एकड़ जमीन की रजिस्ट्री कराकर जालसाज ने 65 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने पटवारी पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया है, जिसकी मदद से जमीन का नामांतरण हुआ था। आवेदन की जांच के बाद मिसरोद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मिसरोद थाना प्रभारी निरंजन शर्मा ने बताया कि 54 वर्षीय किशन बिसारिया शारदा अपार्टमेंट मालवीय नगर में रहते हैं और उनका प्रापर्टी डीलिंग का काम हैं। उनकी आधा एकड़ भूमि बंगरसिया में थी। वर्ष 2017 में उनके दोस?त कृष्ण कुमार ठाकुर निवासी सहयोग नगर बावड़िया कलां शाहपुरा ने उनसे उस जमीन को खरीदने की मंशा जाहिर की। उनके बीच 65 लाख रुपये में जमीन का सौदा तय हुआ। दोस्त होने के नाते किशन ने कृष्ण कुमार से पूरी राशि के चैक ले लिए। किशन ने जब बैंक में इन चेकों को भुनाने के लिए पेश किया तो वे बाउंस हो गए। जब किशन ने इस बारे में कृष्ण कुमार से संपर्क किया तो उसने बाकी पैसा देने से मना कर दिया। पीड़ित ने कलेक्टर, तहसीलदार पटवारी को इस जमीन का नामांतरण रोकने का आवेदन दिया, लेकिन आरोपित कृष्ण कुमार ने पटवारी से मिलीभगत कर एक साल बाद जमीन का नामांतरण करवा लिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# दहेज में बाइक के साथ मांगे 50 हजार, मना करने पर बोला तीन बार तलाक

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक ट्रिपल तलाक का मामला सामने आया है। आरोपित ने अपनी बीवी से सिर्फ इसलिए तीन बार तलाक बोल दिया, क?योंकि वह ससुराल वालों की इच?छा के मुताबिक दहेज लेकर नहीं आई थी। चार माह पहले ही उसका निकाह हुआ था। पुलिस ने फरियादी महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम और दहेज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। गांधी नगर थाना पुलिस के मुताबिक अब्बास नगर में रहने वाली 22 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराई। उसमें उसने बताया कि उसका निकाह पांच अप्रैल 2021 को अटल अय्यूब नगर निवासी सलीम शेख के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद ही सलीम ने पत्नी से दहेज में बाइक लेकर आने का दबाव बनाना शुरु कर दिया। महिला ने पति को बताया कि उसके मायके वालों की हैसियत दहेज में बाइक देने की नहीं है। इस पर सलीम ने पत्नी से 50 हजार रुपये लेकर आने का कहना शुरू कर दिया। मांग पूरी न होती देख सलीम ने पत्नी के साथ आए दिन मारपीट करना शुरू कर दी। इस बात का पता चलने पर महिला की मां दामाद को समझाने पहुंची, तो सलीम ने सास के सामने ही बेटी के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। बेटी का घर न टूटे इस वजह से सास बेटी-दामाद को समझाइश देकर अपने घर लौट गई, लेकिन कुछ दिन बाद ही सलीम ने तीन बार तलाक बोलकर पत्नी को घर से बाहर निकाल दिया। आखिरकार महिला मायके में आकर रहने लगी। इसके बाद उसने सोमवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने तीन तलाक और दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कर आरोपित सलीम शेख की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक जल?द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



### पनागर में आवारा जानवरों को डेरा सड़क पर

# फुस्स हो गया यातायात व्यवस्था का प्लान



**पनागर/** पनागर नगर की सड़कों पर घूमते आवारा मवेशी वाहन चालकों व राहगीरों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। यह समस्या देवरी,पनागर के प?ाव चौराहे रोड पर दिखाई देती है। बरसात शुरू होने के बाद सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा बढ गया है। सबसे अधिक समस्या

#### दुर्घटनाओं से परेशान राहगीर

देवरी व पड़ाव चौक के पास की है। आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। पशुओं के स्वच्छंद विचरण से आवागमन बाधित होने के साथ राहगीरों को आने-जाने में जानवरों का भय बना रहता है। सुबह से लेकर रात तक आवारा पशु सड़कों पर डटे रहते हैं। इन्हें सड़क से भगाने की कोशिश में ही दुर्घटनाएं घट जाती हैं। सबसे ज्यादा परेशानी साप्ताहिक बाजार के दिन होती है जब ये आवारा पशु बाजार में घुसकर अव्यवस्था उत्पन्न करते हैं और इन्हें भगाने की कोशिश में कई लोग घायल हो जाते हैं। इसके अलावा पनागर चौराहे में मवेशियों के कारण लोग सीधा से ड्राइव ही नहीं कर सकते। नगर के चौक-चौराहों व गलियों में आवारा पशुओं का डेरा कभी न खत्म होने वाली समस्या बन गई है।

#### खानापूर्ति कर भूले अभियान

यातायात व्यवस्था बनाने के लिए पिछले साल पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के आदेश का अधिकारियों ने चार दिन ही पालन किया, जिसमें दर्जन भर मवेशियों को पकड़ा गया। इसके बाद आवारा मवेशियों को पकड़ने की मुहिम दम तोड़गई। पनागर में हर चौक-चौराहों पर आवारा मवेशियों का झुंड देखा जा सकता है। सड़क के बीचों-बीच मवेशी एकत्र रहते हैं। ऐसे में ये कई बार सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। मवेशियों के अचानक सामने आ जाने के कारण वाहन चालक अपना नियंत्रण खो बैठते हैं और फिर दुर्घटना होते देर नहीं लगती। **फोटो: नितिन गौतम**



#### सालों से बनी हुई है समस्या अब विकराल हो रही है

सड़कों पर आवारा जानवरों की मौजूदगी न केवल जानवरों, बल्कि लोगों की जान पर भी भारी पड़ रही है। सालों से व्याप्त यह समस्या दिनों दिन विकराल होती जा रही है। मवेशियों की वजह से सड़क में आए दिन हादसे हो रहे हैं। जिसमें वाहन चालक गिरकर घायल तो हो ही रहे हैं, साथ ही गौवंश को भी अपनी जान गंवानी पड़ रही है। जानवरों के बीच झगड़ा बन जाता है काल सड़क पर खड़े आवारा मवेशियों के बीच कभी-कभी अचानक होने वाला झगड़ा वाहन चालकों और राहगीरों की जान को संकट में डाल देता है। पनागर के स्थानों पर सुबह-दोपहर- शाम मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है।

## स्तनपान सप्ताह का आयोजन 7 अगस्त तक

**शहडोल।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती शहडोल शालिनी तिवारी ने जानकारी दी है कि शहडोल जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्तनपान सप्ताह 1 अगस्त से 7 अगस्त 2021 तक विभिन्न गतिविधियों के साथ आयोजित किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामों में रैली का आयोजन कर गर्भवती एवं धात्री माताओं को स्तनपान के महत्व को बताया जा रहा है। इसी कड़ी में रैली द्वारा बच्चे को जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराना चाहिए, जन्म के तुरंत बाद स्तनपान अमृत के समान होता है। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्र के अंतर्गत गर्भवती एवं धात्री माताओं के घर-घर जाकर गृह भेंट किया जा रहा है तथा उनको स्तनपान के बारे में जागरूक किया जा रहा है तथा उन्हें बताया जा रहा है कि स्तनपान के महत्व तरीके एवं समयांतराल के लिए गर्भनिरोधक साधनों का उपयोग करने की समझाइश भी दी जा रही है। साथ ही बच्चे को छ- माह तक मां के दूध के अतिरिक्त अन्य किसी भी पेय तथा खाद्य पदार्थ नहीं दिए जाने की भी समझाइश दी जा रही है।



# पंचायत संयुक्त मोर्चा ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी संघ के संयुक्त मोर्चा द्वारा मांगों को लेकर 13 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है। साथ ही जनपद क्षेत्र में धरना दिया जा रहा है। मंगलवार को संयुक्त मोर्चा के कर्मचारियों ने सिहोरा विधायक नंदनी मरावी को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर जायज मांगों के निराकरण की मांग की। जनपद सिहोरा संघ के अध्यक्ष प्रमोद पांडे ने बताया कि शासन द्वारा मांगें नहीं मानने के कारण अब आंदोलन को क्रमशः उग्र किया जाएगा। शासन शांतिपूर्वक और गांधीगीरी से किए जा रहे आंदोलन पर ध्यान नहीं दे रहा है। इसलिए मोर्चा अब आंदोलन को उग्र रूप लेना पडेगा। उन्होंने कहां की तब तक हड़ताल जारी रहेगी जब तक कि मांगें पूरी नहीं हो जाती है पांडे ने बताया कि इस प्रदर्शन में अधिकारी कर्मचारी संघ, अभियंता संघ, सचिव संघ, ग्राम रोजगार सहायक संघ, मनरेगा अधिकारी कर्मचारी संघ, समन्वयक अधिकारी संघ, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण स्वच्छ भारत मिशन संघ आदि संगठनों के पदाधिकारी और कर्मचारी शामिल रहेंगे। इन कर्मचारियों की 22 जुलाई से अनिश्चत कालीन हड़ताल जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में हड़ताल से ग्रामीण विकास के कार्य तथा शासन की योजनओं का क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। कर्मचारियों के कार्यालयों में नहीं पहुंचने से जनपद पंचायत व जिला पंचायत में भी कार्य नहीं हो रहे हैं। इस अवसर पर के के पटैल, सबल सिंह बागरी ,प्रहलाद पांडे, राममिलन यादव, विनोद तिवारी, संजय तिवारी, अनिल दत्त तिवारी सहित अनेक सचिव एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नेहरू युवा केंद्र संगठन जबलपुर के द्वारा विकासखंड स्तर पर मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा

**कुंडम।** आज दिनांक 3 अगस्त 2021 को विकासखंड कुंडम के ग्राम लखनवारा पर जि यहला युवा अधिकारी श्री प्रतीक सिन्हा एवं कार्यक्रम सहायक अधिकारी अतुल पांडे के मार्ग निर्देशन के अनुसार स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत भवन, सार्वजनिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र की साफ-सफाई कर, सार्वजनिक भवन पर गोष्ठी का आयोजन किया गया ।जिसमें राष्टीय स्वयंसेवक विजय प्रजापति ने बताया कि गांधी जी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसे पूरा करने का कर्तव्य हमारा है वर्तमान समय में स्वच्छता हमारे लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है और यह समय हमारे भारतवर्ष के लिए बदलाव का समय है। इसे हम जैसे युवा साथी ही अपना कदम बढ़ाकर तथा एकजुट होकर बदल सकते हैं। इसी प्रकार पूर्व एन वाई वी दीपांशी पटेल ने बताया कि साफ-सफाई केबल कर्मचारी की ही नहीं बल्कि, यह हम सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि हम सभी अपने आसपास का वातावरण साफ स्वच्छ और सुरक्षित रखें। हमें अपना नजरिया बदलना होगा। और अपने कदम को बढ़ाना होगा। हम युवा पीढ़ी से ही देश का विकास और उद्धार होगा ।इसके पश्चात मंडल के सभी सदस्यों, पदाधिकारियों ने ग्राम सरपंच की उपस्थिति पर स्वच्छता शपथ ली तथा गांव की गली-गली पर स्वच्छता रैली निकाली । दूसरी तरफ ग्राम पंचायत बरखेड़ा पर ÷ग्रीन विलेज क्लीन विलेज÷ को ध्यान में रखकर ÷वृक्षारोपण÷ का कार्य संपन्न कराया तथा शपथ ग्रहण की गई। इस कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक विजय प्रजापति तथा अमरलाल जी झारिया द्वारा किया गया। जिसमें आरेंद्र झारिया, प्रदीप झारिया, सोनू प्रजापति, कन्हैया झारिया, विवेक झारिया,सुमित प्रजापति, दुर्गेश झारिया और सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

# पटवारियों की सामूहिक अवकाश का तहसील में दिखा असर

**सिहोरा।** पटवारी द्वारा की गई हड़ताल का असर तहसील परिसर में साफ दिखाई देने लगा है। तीन दिन के अवकाश पर जाने की वजह से तहसीलों में राजस्व विभाग का काम ठप्प पड़ गया है। उधर तहसील व लोकसेवा केन्द्रों पर काम कराने आने वाले किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पटवारियों की हड़ताल के चलते राजस्व विभाग के विभिन्न काम उड़द मूंग का सत्यापन, बटवारा नामा, नामांतरण, पीएम किसान, सी एम किसान, सीएम हेल्पलाइन पटवारी प्रतिवेदन न्यायालयीन कार्य के साथ स्वामित्व योजना का काम भी पिछड़ रहा है।




वेतन संबंधित मांगों को लेकर आंदोलनरत प्रदेश के पटवारियों ने पहले 29 जुलाई को सामूहिक अवकाश लिया और अब 2 से 4 अगस्त तक अवकाश पर जाने से कार्यालय में वर्क लोड एकाएक बढ़ गया हैअगर पटवारियों ने अपनी हड़ताल को आगे बढ़ाया तो गत पखवाड़े से हो रही भारी बारिश से फसलों को हुए नुकसान एवं वर्षा से गिरे मकानों का आंकलन भी मुश्किल हो जाएगा।

#### कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

तहसील पटवारी संघ के अध्यक्ष अमित कुररिया के नेतृत्व में सिहोरा तहसील के पटवारियों ने आज सामूहिक अवकाश पर रहते हुए जिला अध्यक्ष कार्यालय जबलपुर में प्रदर्शन कर अपनी जायज मांगों का शीघ्र निराकरण किए जाने की मांग की। इस अवसर पर पटवारी संघ के रवि नामदेव ,राहुल तिवारी ,अक्षय सिंह राजपूत, समर पटेल ,देवीदीन पटेल, लक्ष्मण दाहिया, कृष्ण कुमार दाहिया, प्रीति साहू ,साहिल नायक, विक्रम सिंह सेंगर, अभिलाष पाठक ,गरिमा शर्मा ,हिना बानो, आशीष गुप्ता ,सुरेंद्र अहिरवार आदि पटवारी उपस्थित रहे।



# महंगाई के मुद्दे पर फूंका पीएम का पुतला

**जबलपुर।** जबलपुर युवक कांग्रेस प्रभारी शास्वत सिंह बुंदेला की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में युवक कांग्रेस नेता पीयूष सिंह चीनू और अंकित मिश्रा के नेतृत्व में बढ़ते पेट्रोल डीजल के दाम एवं बेतहाशा बड़ती महंगी, बेरोजगारी को लेकर मंगलवार शाम 5.30 बजे जीसीएफ स्थित सतपुला क्षेत्र पर प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन किया गया ।युवाओं का आक्रोश प्रदर्शन में देवी दयाल चड्ढा,मुकेश श्रीवास्तव,अंकित पटेल जुम्मन सेन,जाय जेम्स रिंकू बादलनी इमरान खान सागर सिंह मुकेश बघेल मनोज वार्म रामचन्द्र मिश्रा दीपू ठाकुर सिवान्स सक्सेना सिक्कू चड्ढा करने यादव आकाश चौधरी आशीष वार्म रानू भाईय लंकी सिसोदिया योगेश कुमार साहिल सिंह आदि उपस्थित हुए ।

# जैतहरी में राजस्व विभाग के कर्मचारी की मनमानी जोरों पर

**अनूपपुर।** प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद जैतहरी में राजस्व विभाग में पदस्थ एक कर्मचारी की मनमानी जोरों पर है जिसके कारण जैतहरी के आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बताया जाता है कि उक्त कर्मचारी अभी परमानेंट हुआ है और राजस्व का काम देखता है, बताया जाता है कि नगर परिषद जैतहरी के अनेक मोहल्लों में पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है वही कई अपात्र लोग इस आवास योजना का लाभ ले रहे हैं, सूत्र बताते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लेन-देन भी किया जाता है जिसकी जांच कराए जाने की आवश्यकता हैद्य हालांकि लोग मजबूरी बस किसी के सामने बोलने को तैयार नहीं है और कर्मचारियों के मनमाने पूर्ण रवैया को सह रहे हैंद्य अनेकों बार प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रही पक्षपात के कारण नगर परिषद जैतहरी सुर्खियों में भी रहा है और तो और कोरोना आपदा काल में खर्च करने में पूरे जिले में अब्बल रहा है जबकि अन्य नगर पालिका की अपेक्षा जैतहरी नगर परिषद छोटी है और जनसंख्या भी कम है लेकिन क्या कारण है कि कोरोना आपदा में यहां खरीदारी अधिक हुई हैद्य आखिर इस प्रकार की कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार की जांच क्यों नहीं की जा रही और नाही अन्य कोई राजनीतिक दल सामने आ रहा हैद्य सूत्र बताते हैं कि राजस्व विभाग में पदस्थ कथित कर्मचारी को अध्यक्ष पति का संरक्षण विभाग प्राप्त है और विकास के दम पर अपना विकास किया जा रहा है लेकिन क्षेत्र का सर्वांगीण विकास नहीं हो पा रहा है।

# बड़ी संख्या में पीएम किसान सम्मान निधि से किसान वंचित

**बघराजी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 दिसंबर 2018 से देश के छोटे और सीमित कृषकों की आर्थिक हालात में सुधार लाने व किसान की स्थिति मजबूत बनाने के मकसद से इस महत्वकांक्षी योजना को चालू किया गया हैं, इस योजना के तहत पात्र किसानों को दो-दो की चार-चार महीने के अंतराल में किस्त दी जानी है यानी योजना के तहत एक वर्ष में किसानों को छ- हजार रुपए की राशि दी जानी है। योजना का मकसद है कि छोटे एवं सीमित कृषक इस योजना से मिलने वाली राशि से अच्छे ढंग से खेती कर सके उन्नति किस्म के खाद बीज खरीद कर उन्नत किस्म की खेती कर सके परंतु पटवारियों की लापरवाही के चलते आज भी बघराजी एवं आस पास के क्षेत्रों मे लगभग सैकड़ों कृषक ऐसे हैं जिन्होंने अनेकों बार ग्राम के कोटवारों व पटवारियों को संपूर्ण सुसंगत दस्तावेज सौंप दिए हैं परंतु आज तक उनके खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि नहीं पहुंची। जिससे किसान परेशान हैं गांव के कृषकों ने बताया कि कई बार संपूर्ण दस्तावेज सौंपने के बावजूद भी उनके खातों में राशि नहीं पहुंची जहां एक और संभाग के कमिश्नर व जिले के कलेक्टर समय सीमा बैठकों में राजस्व विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी कर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से शेष बचे किसानों को अभियान चलाकर पात्र सभी किसानों को योजना से जुड़ कर लाभ दिलाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। फिर भी हल्का पटवारियों की हीला हवाली के चलते बघराजी क्षेत्र के दर्जनों भर गांव के बहुत से किसान बड़ी संख्या मे पीएम किसान सम्मान निधि योजना से वंचित हैं अनेकों किसान ने बताया कि एम पी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन भरा, आवेदन भरने के पश्चात तहसीलदार कार्यालय के संयुक्त पंजीकृत आवेदन को समक्ष अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जाता है। इसके बावजूद खाते में राशि पहुंचा दी जाती है परंतु सत्यापन ना होने के कारण आज भी बड़ी संख्या में किसानों के आवेदन पोर्टल में प्रक्रियाधीन अवधि में आवेदन दिख रहे हैं क्षेत्र के किसानों ने इस दिशा में कुंडम एसडीएम से ध्यान देने की मांग की है किसानों का कहना है कि हर गांव में ग्राम पंचायत स्तर पर पटवारी द्वारा शिविर लगाकर योजना से वंचित किसानों के दस्तावेज लेकर लाभ दिलाया जाए।

## दिशा का सुयश

**शहडोल।** डीएवी पब्लिक स्कूल बुढार की छात्रा कुमारी निशा चतुर्वेदी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड हाई स्कूल दसवीं की परीक्षा में 93प्रश अंक अर्जित कर विद्यालय एवं परिवार को गौरवान्वित किया हैद्य दिशा धनपुरी निवासी एवं अधिवक्ता संघ बुढार के उपाध्यक्ष दिलीप चतुर्वेदी एवं शांति चतुर्वेदी की सुपुत्री हैं, छात्रा की उपलब्धि पर सनत शर्मा दौलत मनवाणी लव कुश तिवारी संजू चंदवानी आलोक राय मनोज गौतम राकेश तिवारी अरविंद साहनी संजय कुमार राजीव रावत विजय तिवारी नीरज गुप्ता आदि ने बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## लक्ष्मण रेड्डी का आगमन 7 अगस्त को

**अमलाई।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ सोहागपुर क्षेत्र के अध्यक्ष हरीनाथ गोरी एवं महामंत्री द्वारिका प्रसाद मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 7 अगस्त को जेबीसीसीआई मेंबर एवं कॉल प्रभारी भारतीय मजदूर संघ नई दिल्ली लक्ष्मण रेड्डी का आगमन हो रहा हैद्य सोहागपुर क्षेत्र प्रवास के दौरान अखिल भारतीय मजदूर संघ के संगठन मंत्री कोल इंडिया कल्याण बोर्ड सदस्य अशोक मिश्रा अखिल भारतीय मंत्री राजेश सिंह परिहार वैकल्पिक जेबीसीसीआई सदस्य मजहरूल हक अंसारी एवं आईआर प्रभारी महेंद्र पाल सिंह उपस्थित रहेंगे महामंत्री द्वारिका मिश्रा ने जेबीसीसीआई सदस्य एवं कॉल प्रभारी भारतीय मजदूर संघ नई दिल्ली लक्ष्मण रेड्डी के प्रवास के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रेड्डी 7 अगस्त से 10 अगस्त तक एसईसीएल क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे 7 अगस्त को सुबह जिला क्षेत्र में जेबीसीसीआई को लेकर बैठक होगी जिसमें मजदूरों के हितों को लेकर प्रमुखता से चर्चा की जाएगी 7 अगस्त को शाम के समय सोहागपुर क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की बैठक ली जाएगी।

# मैथलीशरण गुप्त, मुंशी प्रेमचंद की मनाई जयंती



**सिहोरा।** गहोई वैश्य समाज द्वारा पदमभूषण, राज्य सभा सांसद राष्ट्रकवि डॉ. मैथलीशरण गुप्त की जयंती पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई । समाज के अध्यक्ष गिरधर सरावगी ने डॉ. गुप्त के जीवन पर प्रकाश डाला तथा कहा की समाज की एकजुटता से ही उसका विकास संभव है । इस अवसर पर सुभाष ब्रिजपुरिया,दिनेश गुप्ता,अनिल नौगरहिया,मनीष खरया, अनिल कनकने, अनिल गेडा, बसंत बिलैया, सुधीर नौगरहिया, महिला मंडल अध्यक्ष सुमन कनकने, रीता नौगरहिया, रेखा नौगरहिया, आशा बिलैया सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

#### स्व सेवा संयोजन समिति ने भी मनाई जयंती

कलम के सिपाही मुंशी प्रेमचंद और राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त की जयंती के अवसर पर त्रिदिवसीय कथा एवं काव्य अमृतोत्सव का आयोजन स्व सेवा संयोजन समिति के द्वारा किया या गया। इस आयोजन में एक ओर जहाँ मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं में से पूर्व संस्कार बूढी काकी लोकमत का सम्मान सत्याग्रह रानी सारंधा का वाचन और समीक्षात्मक परिचर्चा हुई तो वहीं मैथिलीशरण गुप्त की रचनाओं का वाचन मंजू मिश्रा, सुधा पांडे पटना, विभा भटोरे इंदौर, वीणा सिंह, डा.आरती पाठक, डा. अरुणा पाठक रीवा, आरती दुबे संस्था की सचिव रश्मी सेठी, सारिका साहू द्वारा किया गया।

दोनों ही कालजयी महान विभूतियों के स्मृति स्वरूप गोसलपुर स्थित कोविड सेंटर में दंत चिकित्सक डा. अनुराग दुबे के संयोजन में छाया दार पौधा लगाया गया।इस अवसर पर हास्पिटल स्टाफ के साथ समिति की अध्यक्ष सुषमा सिंह कर्चुली, कोषाध्यक्ष सुषमा खरे सदस्य सुधा दुबे, साधना साहू, स्नेहलता साहू,उपस्थित थीं।



# कीचड़ गंदगी से सरोबार कुंडम

**कुंडम।** कुंडम ग्राम में इतनी गंदगी इतना कीचड़ है कि कहीं तीसरी लहर के पहले डेंगू मलेरिया का कहर ना फैल जाए कुंडम में राजनेता एवं कुंडम का प्रशासन मौन बैठा है अनदेखी कर रहा है और अपनी रोटी सेक रहा है और अभी वोट लेने की बारी आएगी तो सब आगे आगे होंगे कोई नहीं करता अपने कर्तव्य दायित्व का पालन कुंडम 10000 की आबादी वाला क्षेत्र पथरीला इलाका 40 साल से ग्राम पंचायत की मार झेल रहा है कोई नहीं चाहता कुंडम अपने आप में अच्छा लगे या ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बन जावे ग्राम पंचायत होने के बाद आज कुंडम में एसडीएम बैठते हैं वे भी आए तहसील में अपने चेंबर में बैठे और विभाग का काम किए और चले गए उनका भी कर्तव्य बनता है कि जिस जगह से रोजी-रोटी चल रही है उस गांव को थोड़ा सा समय दिया जावे तहसीलदार अपने चेंबर में गए उन्होंने भी अपने विभाग का काम किया और रात्रि में कमरे में चले गए उनका भी कर्तव्य बनता है कि हमारी भी रोजी-रोटी इस गांव से है थोड़ा समय गांव के लिए दिया जावे अब आ जाएं जनपद में सीईओ साहब भी आए और अपने विभाग के काम देखें और वह भी गाड़ी में बैठे और चले गए उनकी भी रोजी रोटी है इस गांव से उनका भी कर्तव्य बनता है कि गांव के लिए थोड़ा सा समय दिया जावे अब आते हैं ग्राम पंचायत सरपंच सभी लोग वोट देते हैं कि हमारे गांव का सरपंच बनेगा तो गांव का विकास होगा मगर 40 साल से ऊपर हो गए सरपंच बनाते बनाते हैं मगर कुंडम जैसे का तैसा विधायक जी भी कुंडम में रहती है उनका भी घर है जब कभी राजनीति की बात आई तो राजनेता और लोगों को बुलाकर बैठक मीटिंग कर ली और काम तो कराए गए चाहती तो कुंडम कहां से कहां पहुंच जाता जबकि कुंडम के नाम से जानी जाती है आज 15 साल गुजर गए कुंडम जैसे का तैसा है चाहती तो कुंडम कब का नगर पंचायत बना होता उनका भी तो कर्तव्य दायित्व बनता है इस कुंडम में जितने लोग रहते हैं उन सब का कर्तव्य बनता है कि हम सबसे पहले उसे अच्छा बनाएंगे जहां हम रहते हैं सोते हैं मकान घर द्वार सब है और अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं इसके बाद फिर आगे देखा जाएगा एक छोटा बच्चा का भी कर्तव्य बनता है कि मैं जहां पढ़ लिख कर बड़ा हुआ हूं जहां जन्म लिया हूं उसे आगे अच्छ बनाऊंगा तो मैं सब से निवेदन करूंगा अधिकारी कर्मचारी



राजनेता युवा छोटे बड़े सब से आग्रह करूंगा कि जिस गांव व शहर से अपने परिवार का पालन पोषण रोजी-रोटी चलती है उन सबका अपने दायित्व और कर्तव्य बनता है कि मैं उसे अपने से ज्यादा गांव व शहर को सुंदर बनाऊंगा सभी लोग सब काम करने के बाद थोड़ा सा समय अपने गांव के लिए जरूर दें जिससे हमारा गांव सुंदर बन सके आज कुंडम में कितनी परेशानियां लोगों को हो रही है सब जान रहे हैं और जूझ रहे हैं मगर कह नहीं पाते क्यों ना हम सब मिलकर इस कुंडम को इतना अच्छा बनाएं की समस्त बाहर से आने जाने वाले देखकर दंग रह जाएं ।

# दोनों डीएफओ का स्थानांतरण

**शहडोल।** राज्य शासन द्वारा प्रशासकीय आधार पर भारतीय वन सेवा के अधिकारियों को स्थानांतरित करते हुए स्थाई रूप से आगामी आदेश तक नवीन पदस्थापना की गई हैद्य वन मंडल उत्तर के वन मंडल अधिकारी आधार गुप्ता को उपसंचालक टाइगर रिजर्व सिवनी, वन मंडल दक्षिण के वन मंडल अधिकारी नेहा श्रीवास्तव को दक्षिण वन मंडल बालाघाट स्थानांतरित किया गया है।

# लोधी क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित



**गोटेगांव।** नगर में बीते मंगलवार को एस.आर.जी. कार्यालय परिसर गोटेगांव में लोधी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष देवराज सिंह कश्यप के द्वारा समाज के विकास एवं एकता के संबंध में अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया ! जिसमें समाज संगठन में किये जाने वाले कार्य तथा आगामी 16 अगस्त को वीरांगना रानी अवंती वाई लोधी की जन्म जयंती के उत्सव मनाये जाने सबंधित कार्यक्रम के लिए सभी क्षैत्रीय स्वजातीय बंधुओं से अपनी सक्रिय सहभागिता की अपील की है ! अध्यक्ष जी के आगमन पर सर्व प्रथम निधान सिंह पटेल भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने माल्यार्पण एवं तिलक से अध्यक्ष महोदय का जोरदार स्वागत किया ! इस अवसर पर ओंकार सिंह पटेल, राजेन्द्र सिंह पटेल, संजय सिंह पटेल, रघुवीर सिंह पटेल, अर्जुन मालगुजार, गोविन्द सिंह पटेल, विनोद सिंह पटेल, नेतराम सिंह पटेल, अरविंद पटेल, पुरुषोंत्तम पटेल, एवं बैठक में सभी क्षैत्रीय समस्त स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति रही !

# कांग्रेस कल करेगी विद्युत मंडल सिहोरा का घेराव

**सिहोरा।** मप्र में भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में बिजली लूट का साधन बन गई है। जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ५ अगस्त को को समूचे प्रदेश सहित सिहोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विद्युत मंडल कार्यालय के समक्ष बिजली विभाग की गड़बडियों को उजागर करने दोपहर १२ बजे से धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा अध्यक्ष प्रवीण पाठक ने दी है। प्रदेश सचिव बाबा कुरैशी, युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव राजेश चौबे, विधानसभा अध्यक्ष युवक कांग्रेस राहुल पांडे, सेवादल अध्यक्ष मनीष खंपरिया, ने सभी पार्टी जनों से कोवड १९ के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए शासन के निर्देशों का पालन कर मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का ध्यान रखते हुए धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

# प्राइम डे 2021 के दौरान अमेजान इन पर अभी तक की सबसे ज्यादा

**एजेंसी।** प्राइम डे 2021 के दौरान अमेजान इन पर लघु मध्यरम उद्यमों ;एसएमबी की अभी तक की सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज की गईए क्योंकि उन्हें प्राइम मेंबर्स की ओर से जबर्दस्तध प्रतिक्रिया मिली। भारत के 96 प्रतिशत से अधिक पिन कोड्स से ग्राहकों के ऑर्डर और प्राइम डे के लिए एक माह लंबी चली लीडिंग.अप के साथ प्राइम वीडियो के लिए सबसे अधिक व्यू वरशिप और प्राइम म्यूाजिक के लिए सबसे ज्या दा लिस्नीर्स की संख्यो भी दर्ज की गई। प्राइम मेंबर्स ने अनूठे एसएमबी सिलेक्शरन न्यूक लॉन्चय बड़ी बचत और विभिन्नी

amazon.in

प्राइम बेनेफिट्स के साथ प्राइम डे के ऑफर्स का खूब लुत्फ् उठाया। लीड अप के दौरान और प्राइम डे परए प्राइम मेंबर्स ने 126ए003 विक्रेताओं से खरीदारी कीए जिनमें कारीगरए बुनकरए महिला उद्यमीए स्टामर्ट. अप्सइ और ब्रांड्स, लोकल ऑफ्लाइन पड़ोस के स्टोर्स शामिल हैं। इनमें टियर 2.3.4 शहरों जैसे बरनाला ;पंजाब चम्फीई ;मिजोरम, विरुद्ध नगर ;तमिलनाडु, गुंटूर ;आंध्र प्रदेश, वलसाड ;गुजरात,शाजापुर ;मध्य प्रदेश, सहित पूरे भारत के विक्रेता शामिल हैं। 31.230 विक्रेताओं ने अपनी एक दिन में सबसे ज्योदा बिक्री को देखा और पिछले प्राइम डे की तुलना में इस बार 25 प्रतिशत अधिक विक्रेताओं की सकल बिक्री एक करोड़ रुपये से अधिक रही।

प्राइम डे निरंतर सभी आकार के ब्रांड्स के लिए अपने नए उत्पायदों को लॉन्चस करने का एक अनूठा अवसर बना हुआ है। 300 से अधिक शीर्ष भारतीय और वैश्विक ब्रांड्स के नए प्रोडक्ट लॉन्च् के चयन को सदस्योंज ने खूब पसंद किया।

## सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# गाय का दूध पीकर पाई चीते जैसी फुर्ती



## लवलीना बोरगोहेन ने मुक्केबाजी में भारत को 9 साल बाद दिलाया पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन को सेमीफाइनल में तुर्की की मुक्केबाज बुसेनाज सुरमेनेली के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। लवलीना को बुसेनाज ने 5-0 से शिकस्त दी। इस हार के बाद उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। सेमीफाइनल मुकाबले में भले ही लवलीना हार गई हों लेकिन उन्होंने नंबर 1 बॉक्सर को तगड़ी टक्कर दी। उनके अलावा भाला फेंक स्पर्धा में नीरज चोपड़ा ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने जेवेलिन थ्रो के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उन्होंने पहले ही प्रयास में 86.65 मीटर दूर भाला फेंका। वह अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहे। वही, रेसलिंग में 57 किग्रा भार वर्ग में रवि कुमार दहिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने बुल्गारिया के जॉर्डी वैंगेलोव को 14-4 से पटखनी दी। जबकि 86 किग्रा भारवर्ग में दीपक पूनिया ने चीन के जुशेन लिन को 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में दस्तक दी।

## हरियाणा के पहलवान दीपक पूनिया टोक्यो ओलिंपिक के सेमीफाइनल मैच में पहुंच चुके हैं



**नई दिल्ली।** हिसार। टोक्यो ओलिंपिक में हरियाणा के बहादुरगढ़ निवासी पहलवान दीपक पूनिया ने पदक की उम्?मीद जगा दी है। दीपक पूनिया क?वार्टर फाइनल में जीतकर सेमीफाइनल मैच में पहुंच गए हैं। अभी तक हरियाणा को कोई भी खिलाड़ी इस ओलिंपिक में पदक नहीं जीत पाया है। मगर उनके सेमीफाइनल में पहुंचने से पदक की उम्?मीद जगी है। छारा गांव(झज्जर) के पहलवान दीपक पूनिया बचपन से ही देसी गाय का दूध पीते हैं। पिता सुभाष की सोच है कि देसी गाय का दूध पीने से आलस्य नहीं रहता। शरीर फुर्तीला रहता है। यही नजर भी आया और दीपक ने मैच में चीते जैसी फूर्ती दिखाते हुए क?वार्टर फाइनल मैच जीत लिया। 86 किग्रा भारवर्ग में ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले दीपक वजन बढ़ने से रोकने के लिए छह माह से घी का भी सेवन नहीं कर रहे। शाकाहारी होने के कारण हरी सब्जियों के सूप और दालों के पानी का ही नियमित सेवन करते हैं। पहलवान दीपक के पिता सुभाष ने अपने अनुभव साझा किए। पिता सुभाष कहते हैं कि 18 बीघा खेती है। वर्षों पहले दूध बेचने का कार्य करते थे। खेलों में खुद आगे नहीं बढ़ सके, लेकिन बेटे को पहलवान बनाने का जुनून सवार हो गया। दूध बेचने का काम छोड़ा। महज पांच साल के दीपक को अपने दोस्त पीटीआइ वीरेंद्र के पास सुबह गांव के ही अखाड़े में भेजने लगे। ठीक चार साल तक तड़के जागकर बेटे को खुद ही अखाड़े में पहुंचाने जाते। शाम का भी यही रूटीन बन गया। चार साल के बाद बेटे ने पिता की आंखों में सपना पढ़ा और खुद मेहनत में जुट गया।




### इकलौते बेटे को पहलवान बनाया

सुभाष की दो बड़ी बेटियों मनीषा और पिंकी की शादी हो चुकी है। इकलौते बेटे को पहलवान बनाने को लेकर कहा कि रिश्तेदार व गांव वाले कहते कि कोई दूसरा काम-धंधा करा दो। लेकिन पिता सुभाष ने किसी की नहीं सुनी। दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में भी बेटा रहा। डेढ़ साल पहले छत्रसाल में पहलवानी सिखाने वाले कोच वीरेंद्र आर्य ने नरेला में अखाड़ा खोल लिया है। तब से दीपक वहीं रहकर बारीकी सीख रहे हैं। यह भी कहा कि आर्थिक तंगी देखी। मगर बेटे को कभी अहसास नहीं होने दिया। यह भी कहा कि हमने बेटे की मेहनत और भगवान पर फैसला छोड़ रखा है। उम्मीद जताई कि बेटा मेडल जीतकर लाएगा।

### दीपक जब आठ दिन तक मां के हाथों के परांठे ही खाते रहे

शाकाहारी दीपक को बाहर का खाना पसंद नहीं। पिता सुभाष ने बताया कि कुछ साल पहले दीपक घर से गया तो मां कृष्णा से परांठे आठ-दस दिन के लिए बनवाकर ले गया। वही परांठे दही और अचार से खाते रहे। इस दौरान बाहर का खाना नहीं खाया। दीपक की मां का बीते साल निधन हो गया। अब पिता को यही चिंता सताती है कि पहले मां साथ में नाश्ता रखती थी। अब मां नहीं इसलिए बाहर खाने और नाश्ता कैसे करता होगा।

## जगबीर सिंह बोले-अर्जेंटीना के खिलाफ महिलाओं को खेलनी होगी आक्रामक हॉकी



भारतीय हॉकी टीम के

**नई दिल्ली।** पूर्व सदस्य और ओलंपियन जगबीर सिंह ने कहा है कि टोक्यो ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम और अर्जेंटीना के बीच बुधवार को होने वाला मुकाबला काफी आक्रामक होगा। इस मैच में भारतीय टीम को पेनल्टी कॉर्नर बनाने पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना होगा। इनको गोल में तब्दील करना होगा। अमर उजाला से बातचीत में जगबीर सिंह ने कहा कि अर्जेंटीना की खिलाड़ी काफी आक्रामक हॉकी खेलती हैं। भारतीय टीम को भी आक्रामक खेल दिखाना होगा। गोलकीपर सविता पूनिया, मध्यम पंक्ति में मोनिका और अग्रिम पंक्ति में रानी रामपाल व वंदना कटियार को कलात्मक के साथ आक्रामक खेल दिखाना होगा। उन्होंने कहा कि लगातार तीन जीतों से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ है।

### पुरुष हॉकी में कांस्य के लिए आत्मविश्वास जरूरी

अर्जुन अवार्डी जगबीर सिंह का कहना है कि टोक्यो ओलंपिक में पुरुष हॉकी में भारत और बेल्जियम के बीच खेले गए सेमी फाइनल मैच में भारतीय टीम ने शुरू के दो क्वार्टर में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। हालांकि बाद में वे पिछड़ गए। उनका मानना है कि सेमी से पहले जिस तरह का खेल भारतीय टीम ने दूसरी टीमों को हराने के लिए खेला, आगे के मैच में कांस्य पदक लाने के लिए उसी खेल की जरूरत होगी। इसके लिए आत्मविश्वास जरूरी है।

### जीत के लिए मंदिरों और गुरुद्वारे में प्रार्थना

टोक्यो ओलंपिक में पुरुष हॉकी में भारत और बेल्जियम के बीच खेले गए सेमी फाइनल मैच की हार भुला खेल प्रेमियों ने महिला वर्ग में बुधवार को खेले जाने वाले सेमी फाइनल मैच में जीत के लिए प्रार्थना की। टोक्यो में महिला वर्ग में होने वाला भारतीय महिला हॉकी टीम का मुकाबला अर्जेंटीना से है। भारत की जीत को लेकर मंगलवार को मंदिरों और गुरुद्वारों में प्रार्थना की गई।

## 'मैं अच्छी इंग्लिश नहीं बोल पाती, रिवीलिंग कपड़े नहीं पहनती इसलिए हिंदी इंडस्ट्री में ब्रेक नहीं मिल पाता'

**नई दिल्ली।** हरियाणवी डांसर सपना चौधरी आज किसी इंट्रोडक्शन की मोहताज नहीं हैं। अपने डांस से सबको दीवाना बनाने वाली सपना देश का जाना माना चेहरा हैं। कुछ साल पहले सपना टीवी रिएलिटी शो 'बिग बॉस' में नज़र आई थीं, उसके बाद उनकी फैन फॉलोइंग में जबरदस्त इज़ाफा हुआ और एक छोटे से शहर में पहचानी जानी वाली सपना को पूरे देश में पहचाना जाने लगा। एक स्टेज डांसर से एक्ट्रेस बनने तक का सफर तय करने में सपना को 15 साल लग गए, एक्ट्रेस के ठुमकों पर लाखों दिल धड़कते हैं। लेकिन इसके बावजूद एक्ट्रेस का कहना है कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में जगह बनाने में वो कामयाब नहीं हो पा रही हैं। सपना ने कहा, 'इस इस साल इंडस्ट्री में 15 साल पूरे कर चुकी हूं। मैं हिंदी फिल्म और टीवी शो में काम करना चाहती हूं, लेकिन मुझे लगता है कि मैं रिजनल इंडस्ट्री (हरियाणा) से आती हूं इसलिए मुझे यहां अपना टैलेंट दिखाने का चांस नहीं दिया जाता। मैं स्किन रिवीलिंग कपड़े नहीं पहनना चाहती, मैं फर्राटेदार अंग्रेजी नहीं बोल सकती, ये मेरे लिए सबसे बड़ी बाधा है। यहां मेरा कोई गॉड फादर भी नहीं है इसलिए मैं अब तक हिंदी इंडस्ट्री में एक ब्रेक पाने के लिए स्ट्रगल कर रही हूं'। सपना ने इस बात का भी खुलासा किया कि कई बार उन्हें डिज़ाइनर ने कपड़े देने तक से मना कर दिया। एक्ट्रेस ने बताया, 'मैंने जो मुंबई में देखा है... यहां लोग आपसे तभी बात करेंगे जब उन्हें आपसे कुछ काम होगा। इंडस्ट्री ऐसे लोगों से भरी पड़ी है जो लगातार आपको जज करते हैं। कई बार ऐसे हुआ है कि जो मैं हूं इस वजह से डिजाइनर्स ने मुझे ड्रेस देने से मना कर दिया। मुझे भी नहीं पता कि मैं इतने लंबे समय तक कैसे सर्वाइव कर पाई हूं'।



## ज़िंदगी में रिस्क नहीं लिया तो क्या किया

**नई दिल्ली।** इस साल दो बार टलने के बाद अक्षय कुमार की फ़िल्म बेलबॉटम अब 19 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रही है। अक्षय और फ़िल्म के निर्माताओं के इरादों को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि इस बार फ़िल्म रिलीज़ होकर ही रहेगी। भले ही महाराष्ट्र में सिनेमाघरों को खोले जाने की अनुमित सरकार ने ना दी हो। मंगलवार की शाम दिल्ली में बेलबॉटम का ट्रेलर रिलीज़ करते वक़्त अक्षय ने जो कहा, उससे काफ़ी हद तक यह साफ़ हो गया कि फ़िल्म इस बार तय तारीख़ पर ही आएगी। अक्षय ने दिल्ली के पीवीआर सिनेमाघर में फ़िल्म का ट्रेलर रिलीज़ किया। फ़िल्म में उनकी पत्नी का किरदार निभा रहीं वाणी कपूर, पूर्व प्रधानमंत्री बनीं लारा दत्ता, निर्माता जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख इस दौरान साथ रहे। अक्षय ने एक बड़ी सी चाबी (जिस पर अनलॉकिंग सिनेमाज़ लिखा था) के ज़रिए सिनेमाघरों को अनलॉक करने का संकेत भी दिया। इस दौरान अक्षय ने रिलीज़ को लेकर दवाब पर कहा- प्रशेर सभी के ऊपर है। मुझे लगता है कि चीज़ें ठीक होंगी। कहूंगा कि एक चैलेंज है। एक रिस्क है, लेकिन ज़िंदगी में रिस्क नहीं लिया तो क्या किया। रिस्क लेने के लिए मेरे प्रोड्यूसर मेरे साथ रहे हैं। यह बड़ी बात है। मैंने उनका हाथ थामा। उन्होंने मेरा हाथ थामा। अभी देश के कई राज्यों में सिनेमाघर पूरी तरह नहीं खुले हैं। महाराष्ट्र में 2 अगस्त से सिनेमाघर खुलने की उम्मीद थी, मगर ताज़ा फ़ैसले के मुताबिक राज्य सरकार ने अभी बंद रखने का फ़ैसला किया है। मुंबई सर्किट हिंदी फ़िल्मों के लिए सबसे बड़ा और अहम बाज़ार माना जाता है। वहीं, हिंदी पट्टी वाले राज्यों में भी सिनेमाघरों को 50 फीसदी क्षमता के साथ सिनेमाघर खोलने की अनुमति है। ऐसे में स्क्रींस की संख्या काफ़ी कम हो जाएगी, जो फ़िल्म के लिए नुक़सानदायक साबित हो सकता ह इन परिस्थितियों को लेकर अक्षय ने कहा- एक जुआ है। यह जुआ किसी तो खेलना ही था। प्रोड्यूसर मेरे साथ हैं। मुझे यक़ीन है कि यह कारगर रहेगा। भले ही 50 फीसदी ऑक्यूपेंसी हो, मगर मुझ विश्वास है कि लोग सिनेमाघरों में आएंगे। बेलबॉटम के सिनेमाघरों में रिलीज़ को लेकर ट्रेड में भी काफ़ी जोश है। कई साथी कलाकारों और प्रोडक्शन हाउसेज़ ने बेलबॉटम के ट्रेलर को शेयर करके फ़िल्म की टीम की हौसलाअफ़ज़ाई की।





## शहर को ऐसे साफ रख रहा नगर निगम

**जबलपुर।** निवाड़गंज बड़ी बाजार की एक फोटो सामने आई जिसने नगर निगम अधिकारियों के उस दावों की पोल खोल दी है जिसमें शहर को स्वच्छ रखने की बात कही जा रही थी। फोटो में साफ नजर आ रहा है कि किस तरह से शहर में गंदगी फैली हुई है। आवारा जानवरों की धरपकड़ के लिए निगम क्या कर रहा है इस तस्वीर में साफ दिख रहा है।

# सास ने बहू की चाकू से काटी नस

## अस्पताल में नवविवाहिता ने दम तोड़ा

जबलपुर,यशभारत। ।एक बे-रहम सास ने अपनी बहू को घर से निकाल दिया ,लेकिन जब उसने इसका विरोध किया तो उसने चाकू से बहू की हाथ की नस काट दी। जिसके बाद बहू के रिश्तेदारों ने आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां आज इलाज के दौरान नवविवाहिता बहू ने दम तोड़ दिया। पूरा मामला थाना हनुमानताल का है। नवविवाहिता की अस्पताल में गंभीर स्थिति देखते हुए पुलिस ने पहले ही आरोपियों को अभिरक्षा में ले लिया था। मामला 5 दिन पुराना है। तब पीड़िता की बहन ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस ने सास और ससुर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर, मामला जांच में लिया था। जिसके बाद आज कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मर्ग कायम कर, कार्रवाई को अंजाम दिया।जानकारी अनुसार साबरीन बानो उम्र 18 वर्ष निवासी टेढ़ीनीम ने थाने पहुंचकर पुलिस को बताया था कि वह अपनी बड़ी बहन हिना बानों उम्र 23 वर्ष के साथ हिना बानों की ससुराल कुंजड़हाई मस्जिद के पास आयी थी। पुराने घरेलू विवाद को लेकर हिना बानों के ससुर राजू उर्फ शरीफ उसकी बहन के साथ गाली गलौज करने लगे, उसकी बहन ने गाली देने से मना किया तो उसकी बहन की सास गुल्लो ने उसकी बहन के बाल पकड़कर खींचने लगी और चाकू से हाथ की नस काट दी थी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया था।

**आरोपी सास-ससुर को पुलिस ने दबोचा**

### 5 दिन चला इलाज

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि घायल नवविवाहिता को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, चिकित्सकों ने बताया था कि पीड़िता की हाथ की नस में वार किया गया है। जिसका इलाज किया जा रहा था । लेकिन घटना के पांच दिन बात आज पीड़िता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

मजदूरी करता है पति, घर से निकाल रही थी सास

पुलिस ने बताया कि पूरा विवाद घर का था। नवविवाहिता को आरोपी सास घर से निकाल रही थी। जिसका पूरा साथ ससुर भी दे रहा था। पति मजदूरी करता है, इसलिए वह कुछ बोल नहीं पा रहा था। जब पीड़िता ने सास की बात नहीं मानी तो उसके साथ मरपीट कर, घर से भगा रहे थे। जिसके दौरान पीड़िता घायल हुई थी और आज उसकी मौत हो गई।

# दोस्त बड़े आदमी हैं, अपना खर्चा कैसे निकालता?

## 17 साल का किशोर बेच रहा था देशी शराब, पुलिस ने पकड़ा तो सुनाई आपबीती

**जबलपुर।** साहब बेरोजगार हूं, काम धंधा है नहीं क्या करुं...? दोस्त बड़े आदमी है, उनके साथ उठने-बैठने के लिए यह सब करना पड़ता है। अपना खर्चा कैसे निकालूं..। देर रात गोरखपुर पुलिस ने एक 17 साल के नाबालिग को जब 18 पाव देशी शराब के साथ देखा तो वह भागने लगा, लेकिन जब पुलिस ने घेराबंदी कर नाबालिग को दबोचा तो वह पुलिस के पैर पकडने लगा और जो आपबीती बताई, उसे सुनकर पुलिस ने भी अपना माथ पकड़ लिया। जिसके बाद किशोर को समझाईश देकर, शराब जब्त की। गोरखपुर पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बदशा हलवाई मंदिर, ग्वारीघाट निवासी एक नाबालिग देशी शराब बेंच रहा था। जब पुलिस ने पकड़ा तो रोने लगा। नाबालिग ने पुलिस से कहा कि घर से खर्च मिलता नहीं है। जिसके बाद पुलिस ने कच्ची शराब जब्त कर, नाबालिग को दोबारा ऐसा नहीं करने की समझाईश दी।

# मंगेली में स्कॉर्पियों चालक द्वारा हवाई फायर

**जबलपुर, यशभारत।** बरगी के मंगेली में उस वक्त हड़कंप मच गया जब कि एक सफेद स्कॉर्पियों के चालक ने बीच रोड पर दबंगाई दिखाना शुरू कर दिया। स्कॉर्पियो चालक ने एक बाइक सवार से जरा सी कहासुनी होने पर उसे बेसबॉल के डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया और यही नहीं दहशत फैलाने के लिए चालक ने कट्टे से तीन से चार फायर भी किए। पुलिस ने शिकायत पर मामले को जांच में लेते हुए स्कॉर्पियों चालक की तालाश शुरू कर दी है।थाना बरगी में रमेश यादव उम्र 35 वर्ष निवासी पानी की टंकी के पास मंगेली ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि सुवह लगभग 11-50 बजे मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनसी 4584 से मेडिकल कॉलेज जबलपुर सास को खाना देने के लिये घर से जा रहा था। दोपहर लगभग 12 बजे सिद्धी विनायक ढाबा के आगे पहुंचा तभी सफेद रंग की स्कार्पियो कार क्रमांक यूपी 3620 जो की बरेला की ओर से आ रही थी उसी समय ट्रक भी जबलपुर की तरफ जा रहा था जैसे ही कच्चे रास्ते से हाईवा रोड पर पहुंचा तो स्कार्पियो वाला उससे कहने लगा कि तू मोटर सायकल देखकर नहीं चलाता है मेरी गाड़ी में भिड़ा जा रहा है तो उसने कहा कि ठीक से चला रहा हूँ, गलती तुम्हारी है तो स्कार्पियो का चालक उससे गाली गलौज करने लगा।चालक ने कार से बेसबाल का डंडा निकालकर मारपीट कर सिर में चोट पहुंचा दी उसका भतीजा बचाने के लिये दौड़ा तो स्कार्पियो का चालक काले रंग का कट्टा जैसी चीज निकाला एवं ऊपर फायर करने का प्रयास किया तथा जान से मारने की धमकी देते हुये स्कार्पियो लेकर भाग गया।

# मैनेजर से लूट करने वाले 3 बंधे, 3 की तलाश

## शो रूम में काम कर चुका है सरगना, 6 युवकों ने ओवरटेक कर लूट लिए थे 94 हजार

**जबलपुर, यशभारत। कुंडम सकरी गांव बंजारी माता मंदिर के पास बजाज मोटर्स के मैनेजर और उसके साथी के साथ लूट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि 3 आरोपी अभी भी फरार है जिसकी पुलिस तालाश कर रही है।**

मालूम हो कि बरेला पहाड़ीखेड़ा निवासी ओमप्रकाश पटेल नर्मदा मोटर्स बजाज शोरूम में मैनेजर है। वह लहंगी निवासी सुनील लोधी के साथ उसकी बाइक से शोरूम गया था। दिन भर की कमाई की राशि लगभग 90 हजार रुपए एक बैग में रखकर वह घर के लिए निकला था। दोनों के पर्स में भी लगभग 4 हजार रुपए थे। दोनों बाइक से कुंडम के सकरी गांव के बंजारी माता मंदिर के नीचे पहुंचे थे। तभी पीछा करते हुए दो बाइक से 6 बदमाशों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने बेसबॉल व हॉकी से दोनों के साथ साथ बेरहमी से मारपीट की और बैग, दो मोबाइल, उनके पर्स छीन कर फरार हो गए। लूट की घटना को लेकर उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अपूर्वा किलेदार के मार्ग निर्देशन में थाना प्रभारी कुण्डम प्रताप सिंह मरकाम के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गयी। इस दौरान घेराबंदी के 2 काले रंग की पल्सर मोटर सायकिल में 6 युवक थाने की ओर आते दिखे, पुलिस को देखकर एक



पल्सर में सवार 3 युवक भगने में सफल हो गये , दूसरी पल्सर मे सवार 3 युवकों को घेराबंदी कर पकडा गया। तीनों ने नाम पता पूछने पर अपने नाम सोनू पटेल पिता अर्जुन पटेल उम्र 18 वर्ष निवासी बहोरीपार बरगी तथा विनोद पटेल पिता तीरथ पटेल उम्र 18 वर्ष एवं शिवम पटेल पिता मिहीलाल पटेल उम्र 18 वर्ष दोनों निवासी बल्हवारा थाना बरेला बताते हुये दूसरी पल्सर मोटर सायकिल से भागने वाले साथियों के नाम संजय यादव एवं रोहित चौधरी दोनों निवासी बहोरीपार बरगी तथा सोनू पटेल निवासी बल्हवारा बरेला बताये।

### पूछताछ में आरोपियों ने उगला कैसे की लूट

पकड़े गये तीनों युवकों को थाना कुण्डम लाकर सघन पूछताछ की तो तीनों ने दूसरी पल्सर मोटर सायकिल से भागने वाले साथियो के साथ मिलकर मारपीट रुपए एवं मोबाईल छीनना स्वीकार किया, पूछताछ करते हुये तीनों आरोपियों से छीने हुये रूपयों में से नगद 84 हजार 155 रुपए जप्त करते हुये छीने हुये मोबाईल के सम्बंध में पूछताछ करने पर 1 मोबाईल को घटना स्थल पर ही तोड़कर फेंक देना तथा दूसरे मोबाईल को रास्ते में फेंक देना बताया। आरोपियो से घटना में प्रयुक्त काले रंग की पल्सर मोटर सायकिल जिस पर रजिस्ट्रेशन नम्बर एमपी 20 एन 1959 लिखा है तथा घटना स्थल से टूटे हुये मोबाईल के अवशेष जप्त करते हुये तीनों आरोपियों को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। दूसरी मोटर सायकिल मे फरार हुये अन्य 3 लुटेरों की सरगर्मी से तलाश जारी है। सघन पूछताछ पर तीनों लुटेरों ने बताया कि बल्हवारा निवासी सोनू पटेल जो फरार है पूर्व में निवास स्थित नर्मदा मोटर्स बजाज शो रूम में काम करता था जिसने वर्तमान में काम छोड दिया है, को पता था कि नर्मदा मोटर्स बजाज शोरूम का मैनेजर ओम प्रकाश पटेल शोरूम का पैसा लेकर आता है। सोनू पटेल के द्वारा ही नर्मदा मोटर्स बजाज शोरूम के मैनेजर ओम प्रकाश पटेल से रुपए छीनने की योजना बनाई थी। **फोटो- अशोक बर्मन**

# मां नर्मदा को सिक्का अर्पण कर रही महिला नदी में डूबी

## गोताखोरों ने बचाई जान



**जबलपुर।** गौर चौकी अंतर्गत एक महिला आज मां नर्मदा को सिक्का अर्पण कर रही थी, तभी उसका पैर फिसल गया और चक्कर आने के बाद महिला मां नर्मदा के उफान में समा गई। जिसके बाद मची चीख-पुकार के बाद पुलिस ने तैराकों को खबरा दी और बगैर देर किए गोताखोारों ने उफनाती नदी में छलांग लगा दी। जिसके बाद महिला को बमुश्किल रेस्क्यू किया गया। पुलिस ने बताया कि महिला सकुशल है। गौर चौकी प्रभारी नितिन पटैल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सिखा गौतम अधारताल में निवास करती हैं। आज वह अपने बच्चे का डीपीएस स्कूल में एडमीशन कराने आई थी और लौट रहीं थी, तभी मां नर्मदा में सिक्का उछालकर फैंका ही था कि उनका पैर फिसल गया। पीड़ित महिला ने बताया कि उसे चक्कर आ गया और वह सीधे गौर पुल से नदी में गिर गयी। पुलिस ने बताया कि गौर नदी में डूबी महिला को देखकर लोगों का हुजूम लग गया। जिसके बाद पुलिस को सूचना मिलते ही पास में ही स्थित गोताखोरों को खबर दी गई। जिसके बाद गोताखोरों ने रेस्क्यू कर, महिला को नदी से सुरक्षित निकाला।

# तिलवारा में युवक उफनाती नदी में समाया

## दोस्त ने बचाने के लिए पकड़ा तो धक्का देकर लगाई छलांग

**जबलपुर,यशभारत।** थाना तिलवारा अंतर्गत एक युवक देर रात तिलवारा के नए पुल पर अपने दोस्त के साथ पहुंचा और मोबाइल में बात करते हुए नदी में छलांग लगा दी। इस दौरान उसके दोस्त ने उसे बचाने का कोशिश की, लेकिन उसे धक्का देकर वह पुल से कूद गया। जिसके बाद युवक ने थाने में सूचना दी। पुलिस गोताखोरों की मदद से युवक को नदी में तलाश रही है, लेकिन अभी तक युवक को कोई पता नहीं चल सका है। वहीं, जब उसकी सूचना युवक के परिजनों को लगी तो वह बदहवास हो, टकटकी लगाए नदी की ओर इस आशा से देख रहे है कि शायद उनका लाल सकुशल वापस आ जाए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी अनुसार आकाश रैकवार उम्र 26 वर्ष निवासी बडी खेरमाई हनुमानताल ने सूचना दी कि मोह. इस्लाम उम्र 33 वर्ष निवासी लेमा गार्डन गाजी नगर गोहलपुर के साथ मोटर सायकिल में बैठकर रात के करीब 12 बजे तिलवारा पुल पर पहुंचा, मोटर सायकिल इस्लाम चला रहा था, जिसने मोटर सायकिल पुल पर खड़ी की और मोबाईल पर बात करते हुये अचानक नर्मदा नदी के पुल पर से नीचे कूदने लगा, उसने पकड़ने की कोशिश की तो मोह इस्लाम ने उसे धक्का दे दिया और पुल से नर्मदा नदी में कूद गया। गोताखोंरो की सहायता से तलाश करवाई जा रही है।

## खमरिया में फैक्ट्री कर्मी की बेटी ने फांसी लगाई

**जबलपुर,यशभारत।** थाना खमरिया अंतर्गत फैक्ट्री के क्वार्टर में रह रही एक किशोरी ने चुन्नी गले में बांधकर, पंखे से लटककर फांसी लगा ली। जिसके बाद आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। मची चीख-पुकार के दौरान उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिस समय यह घटना हुई किशोरी के पिता फैक्ट्री गए हुए थे और घर में मां और भाई-बहन किसी काम में लगे थे, तभी किशोरी ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। जब मां ने जब उसके कमरे दरवाजा बंद पाया तो उसे खोला और जैसे ही बेटी को पंखे में लटका देखा उनकी चीख निकल गयी। प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस ने बताया कि किशोरी का पढ़ाई में मन नहीं लगता था, जिससे नाराज मां ने उससे कहा था कि वह पढ़ाई तो कर नहीं रही तो इससे अच्छा घर का ही काम करे।

## सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा



# वाहन चालकों को सुरक्षा का पाठ पढ़ाने सड़क पर उतरी पुलिस

**जबलपुर, यशभारत।** वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाने के लिए जबलपुर पुलिस सड़क पर उतर आई है। इसी के तहत छोटी लाइन चौराहे पर पुलिस ने वाहन चालकों को रोककर सीट बेल्ट, हेलमेट और मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया। पहली बार समझाने के बाद पुलिस ने उन वाहन चालकों पर कार्रवाई की जो समझाने के बाद भी सड़क सुरक्षा का पालन नहीं कर रहे थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल, यातायात थाना प्रभारी मोहन सिंह के नेतृत्व में आज छोटी लाइन चौराहे पर पुलिस ने कार चालक और दो पहिया चालकों को रोककर हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने सहित मास्क लगाने की हिदायत दी। वाहन चालकों को सड़क-सुरक्षा के बारे में समझाया गया सुबह से दोपहर तक चालकों को समझाइश देकर निकलने दिया गया इसके बाद चालानी कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल ने बताया सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाने का मुख्य कारण है कि वाहन चालकों को यातायात के नियम बताए जाएं। जो नियमों का पालन नहीं करते उन्हें इससे होने वाले नुकसान के बारे में उनको जागरूक किया जाए। हेलमेट दुपहिया वाहन के लिए कितना जरूरी है। सीट बेल्ट के बगैर गाड़ी चलाना जिंदगी खतरे में डालने जैसा है। शराब का सेवन करने पर हादसा हो सकता है। ऐसी सभी जानकारी वाहन चालकों को दी जा रही है। पुलिस आमजन लोगों से अपील कर रही है कि वह खुद, परिवार और दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए यातायात नियमों का पालन अवश्य करें।

**सीट बेल्ट- हेलमेट, मास्क लगाने की दी हिदायत**

**छोटी लाइन चौराहे पर यातायात पुलिस ने शुरू किया सड़क सुरक्षा कार्य**

## श्रीमती सरोजनी तिवारी का देहांत



**जबलपुर।** हनुमान ताल निवासी स्वर्गीय श्री अंबिका प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती सरोजनी तिवारी का 85वर्ष की आयु में देहांत हो गया । वे कुलदीप तिवारी,प्रदीप तिवारी चंद्रशेखर तिवारी की माताजी थीं। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

## बारिश का आंकड़ा 16 इंच के पार

जबलपुर। वर्तमान में उत्तर पश्चिमी मप्र में एक कम दबाव को क्षेत्र बना हुआ है। इसके अतिरिक्त मानसून ट्रफ भी उत्तरप्रदेश से होकर गुजर रहा है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से लगातार नमी आ रही है। इससे बारिश हो रही है। जबलपुर में वातावरण में बड़े पैमाने पर आर्द्रता मौजूद रहने के कारण कभी तेज तो कभी रिमझिम फुहारें पड़ रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान पूरे मप्र में मानसून सक्रिय रहा। जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर, के जिलों में अधिकांश स्थानों पर बारिश दर्ज की गई है। शहर में बारिश का आंकड़ा 16.3 इंच पहुंच गया है। हालांकि अभी भी जिले की औसत बारिश 52 इंच से आंकड़ा काफी दूर है ।

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त, तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
सीमित स्थान | नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर | प्रवेश प्रारंभ
B.Sc. NURSING — 4 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing — 2 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM — 3 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार — शासकीय मेडिकल अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Railway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की प्रचुर संभावना
SC/ST/OBC छात्रों को सरकारी नियमानुसार 100% तक छात्रवृत्ति
प्रतिभा सम्मान योजना
कक्षा 12 वीं में, 75% से अधिक अंक प्राप्त छात्रों को फीस में भारी छूट
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
मो.: 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )